प्रो० शमशाद अहमद खान उत्तर प्रदेश, भारत के गोरखपुर स्थित सेंट एंड्रयूज कॉलेज के भौतिकी विभाग में कार्यरत एक वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित शिक्षाविद् तथा शोधकर्ता हैं। इनका जन्म उत्तर प्रदेश के महाराजगंज जनपद में हुआ। इन्होंने अपनी उच्च शिक्षा एम.एल.के. पीजी कॉलेज, बलरामपुर से पूर्ण की तथा वर्ष 2002 में जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली के भौतिकी विभाग से संघनित पदार्थ भौतिकी (Condensed Matter Physics) में डॉक्टरेट (Ph.D.) की उपाधि प्राप्त की।अपने शोधकाल के दौरान इन्होंने सीनियर रिसर्च फेलो के रूप में कार्य करते हुए ठोस अवस्था भौतिकी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण अनुभव अर्जित किया। वर्ष 2004 में इन्होंने सेंट एंड्रयूज कॉलेज, गोरखपुर के भौतिकी विभाग में सहायक आचार्य के रूप में अपनी शैक्षणिक सेवा प्रारंभ की। इसके पश्चात वर्ष 2007 में इनका चयन किंग अब्दुलअज़ीज़ विश्वविद्यालय, जेद्दा (सऊदी अरब) के विज्ञान संकाय में सहायक आचार्य के पद पर हुआ, जहाँ इन्होंने लगभग तीन वर्षों तक अध्यापन एवं शोध कार्य करते हुए आधुनिक वैज्ञानिक उपकरणों एवं उन्नत तकनीकों का व्यावहारिक ज्ञान अर्जित किया। तत्पश्चात इन्होंने पुनः सेंट एंड्रयूज कॉलेज, गोरखपुर में अपनी सेवाएँ प्रारंभ कीं और तब से निरंतर शिक्षण एवं अनुसंधान में सक्रिय हैं। लगभग 25 वर्षों से अधिक

की अपनी शोध यात्रा के दौरान प्रो० खान ने भौतिकी विभाग में “मटेरियल साइंस रिसर्च लैब” की स्थापना की, जो वर्तमान में उन्नत शोध कार्यों का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। इनकी प्रमुख शोध रुचियों में बल्क चैल्कोजेनाइड ग्लास के क्रिस्टलीकरण गतिकी (Crystallization Kinetics in Bulk Chalcogenide Glasses), बल्क एवं नैनो-पतली फिल्मों के संरचनात्मक, प्रकाशीय एवं विद्युत गुणों (Structural, Optical and Electrical Properties of Bulk and Nano-Thin Films) का अध्ययन तथा अर्धचालक क्वांटम डॉट्स का संश्लेषण एवं उनके संभावित अनुप्रयोगो (Synthesis and Possible Applications of Semiconductor Quantum Dots) शामिल हैं। इन क्षेत्रों में इन्होंने उल्लेखनीय योगदान दिया है। प्रो० खान के लगभग 100 शोध-पत्र प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। इसके अतिरिक्त, इनके नाम पर राष्ट्रीय स्तर के 3 पेटेंट पंजीकृत हैं। इन्होंने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की अनेक पुस्तकों एवं पुस्तक अध्यायों में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इन्होंने भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय (DST) तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) द्वारा प्रायोजित कई शोध परियोजनाओं का प्रधान अन्वेषक (Principal Investigator) के रूप में सफलतापूर्वक संचालन किया है। साथ ही, इन्होंने एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के वैज्ञानिक सम्मेलन का सफल आयोजन भी किया है, जो इनके संगठनात्मक कौशल और अकादमिक नेतृत्व का परिचायक है। प्रो० खान ने अपने अनुभव एवं विशेषज्ञता के माध्यम से अब तक 5 शोधार्थियों (Ph.D.) तथा 15 परास्नातक (M.Sc.) विद्यार्थियों के शोध कार्यों का सफलतापूर्वक मार्गदर्शन किया है। वर्तमान में वे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने तथा पदार्थ विज्ञान (Material Science) के क्षेत्र में उन्नत शोध को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

1. प्रस्तावना:

'चैल्कोजेनाइड' शब्द दो ग्रीक शब्दों से मिलकर बना है “चालकोस” इसका मतलब है अयस्क/खनिज, 'जेन' का मतलब होता है बनाना या उत्पन्न करना । इसलिए चैल्कोजेनाइड का साधारण मतलब होता है खनिज बनाना । आवर्त सारणी के ग्रुप 16 के तत्वों को चैल्कोजेनाइड कहा जाता है । ग्रुप में ऑक्सीजन (O), सल्फर (S), सेलेनियम (Se), टेल्यूरियम (Te) और पोलोनियम (Po) आते हैं, परंतु जब हम चैल्कोजेनाइड ग्लास की बात करते हैं तो उसमें सिर्फ तीन तत्व होते हैं सल्फर (S), सेलेनियम (Se) और टेल्यूरियम (Te) । हम चैल्कोजेनाइड श्रेणी बनाते समय ऑक्सीजन और पोलोनियम को इसलिए नहीं लेते क्योंकि ऑक्सीजन से बने ग्लास को ऑक्साइड ग्लास कहते हैं (जैसे सिलिका ग्लास) । ऑक्सीजन अवरक्त किरणों को अवशोषित करता है, अगर ऑक्सीजन मिला दे तो वह ग्लास नाइट विजन या थर्मल कैमरा के काम नहीं करेगा। पोलोनियम को ग्लास बनाने में इस्तेमाल न करने का कारण यह है कि यह एक रेडियोधर्मी तत्व है, इससे निकलने वाली विकिरण बहुत घातक होती है। [1], [2]

चैल्कोजेनाइड ग्लास दैनिक जीवन में उपयोगी चश्मे और खिड़कियों पर लगे कांच से अलग होते हैं। साधारण कांच हमें सिर्फ वह दिखता है जो हमारी आँखें देख सकती है, लेकिन चैल्कोजेनाइड ग्लास अवरक्त प्रकाश (उष्म किरणों) को अपने अंदर से गुजरने देता है। इस ग्लास की एक खासियत यह है कि सुगमतापूर्वक अपनी अवस्था बदल सकता है, यानि अनाकार (amorphous) स्थिति से क्रिस्टलीय (crystalline) स्थिति में परिवर्तित हो जाता है । इसका अपवर्तनांक साधारण कांच से बहुत अधिक होता है। यह ग्लास हवा और पानी से जल्दी खराब नहीं होता। दुनिया का पहला और सबसे प्रसिद्ध चैल्कोजेनाइड ग्लास Arsenic Trisulfide (As_2S_3) है। चैल्कोजेनाइड ग्लास का इतिहास किसी विज्ञान कथा पर आधारित चलचित्र की तरह है जो एक खूबसूरत पीले पत्थर से शुरू होकर आज के सुपर कंप्यूटर तक पहुंचता है। प्रारंभिक युग में इंसान को इस पदार्थो के बारे में तब पता चला जब ग्लास शब्द का वैज्ञानिक मतलब किसी को नहीं पता था। प्रकृति में आर्सेनिक ट्राइसल्फाइड एक पीले पत्थर के रूप में मिलता था जिसे रोम और ग्रीक के लोग इसका उपयोग रंग में करते थे। लेकिन तब किसी को नहीं पता था कि इसको पिघलाकर कांच बनाया जा सकता है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद वैज्ञानिकों ने ऐसी तकनीक विकसित करने का प्रयास किया जिसकी मदद से अंधेरे में भी देखना सुगम हो। रुडोल्फ फ्रेंच (1950) को चालकोजेनाइड ग्लास का जनक माना जाता है। उन्होंने प्रयोगशाला में आर्सेनिक ट्राइसल्फाइड तैयार किया। उन्होंने यह प्रदर्शित किया कि यह ग्लास अवरक्त किरणें को पूरी तरह से गुजरने देता है। इसी खोज ने 'नाइट विजन' तकनीकी की नींव रखीं। [3], [4] सूचना प्रौद्योगिकी के बढ़ते क्षेत्र में ऑप्टिकल स्टोरेज उपकरणों के लिए नए और अभिनव पदार्थों की मांग बढ़ रही है, जिससे उनके प्रकाश-संबंधी गुणों का अध्ययन करना अनिवार्य हो गया है। अनाकार अवस्था से क्रिस्टलीय अवस्था में नियंत्रित चरण संक्रमण से गुजरने की उनकी क्षमता उन्हें ऑप्टिकल डेटा स्टोरेज में उपयोग के लिए योग्य बनाती है। इन पदार्थों में क्रिस्टलीकरण को नियंत्रित करने की एक महत्वपूर्ण विधि थर्मल एनीलिंग है। [5] ओवशिनस्की ने 1960 के दशक में एक मेमोरी डिवाइस का विचार प्रस्तुत किया, जिसने चालकोजेनाइड पदार्थों के अनाकार और क्रिस्टलीय चरणों के प्रत्यावर्ती विद्युत व्यवहार का लाभ उठाया। इस अवधारणा पर आधारित, ऑप्टिकल मेमोरी का निर्माण किया गया जो डेटा को स्टोर करने के लिए ऑप्टिकल परावर्तन में अंतर का उपयोग करती है। अवस्था परिवर्तन स्मृति युक्तियो में चालकोजेनाइड पतली फिल्मों के उपयोग ने उन्नत डेटा स्टोरेज समाधानों का मार्ग प्रशस्त किया है, जो कुशल डेटा प्रबंधन की बढ़ती मांग का समर्थन करता है। [6]

भट्ट एवं अन्य [7] ने अवस्था परिवर्तन स्मृति हेतु GeS_2 युक्त Sb_2Te_3 फिल्मो का संश्लेषण तथा बैंड अन्तराल में वृद्धि को प्रदर्शित किया। केमपराजू एवं अन्य [8] के द्वारा $GeTe\text{-}Al_2Te_3$ चैल्कोजेनाइड ग्लास का संश्लेषण ऊष्मीय वाष्पीकरण तकनीक से किया गया तत्पश्चात विद्युत स्विचिंग तथा अवस्था परिवर्तन स्मृति गुणों का भी अध्यनन किया गया। मेल्ट क्वेंचिंग तकनीक द्वारा संश्लेषित बहुघटक $(Se_{85}Te_{15})_{95}Sn_xAl_y$ चैल्कोजेनाइड ग्लास के संरचनात्मक, ऊष्मीय और विद्युत गुणों का विवरण शोएब एवं अन्य [9] द्वारा प्रस्तुत किया गया तथा तैयार किए गए ग्लास के विद्युत चरण परिवर्तन व्यवहार का और चरण परिवर्तन मेमोरी डिवाइस अनुप्रयोगों के लिए Se–Te ग्लास में Al और Sn के समावेश के महत्व पर चर्चा की गई है। सितो एवं अन्य [10] ने Bi-Te द्विआधारी मिश्र धातुओं को इंटरफेशियल फेज चेंज मेमोरी के लिए एक वैकल्पिक उम्मीदवार के रूप में खोजा। ये पदार्थ चरण परिवर्तन स्मृति प्रदर्शन को अनुकूलित करने के साथ-साथ नवीन कार्यात्मक इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के निर्माण के लिए आशाजनक क्षमता प्रदान करते हैं। अली एवं अन्य [11] ने मेल्ट क्वेंचिंग तकनीक द्वारा संश्लेषित GeTe चरण-परिवर्तन पदार्थों की क्रिस्टलीकरण गतिकी का अध्ययन किया गया। GeTe में अपने ग्लास नेटवर्क और विशिष्ट रिलैक्सेशन के कारण क्रिस्टल वृद्धि और न्यूक्लिएशन की दर अधिक दर्ज की गई है। ऐसे पदार्थों की अहमियत को

ध्यान में रखते हुए, इस शोध कार्य में हमने नैनो-पतली फ़िल्म के रूप में $Se_{80}In_5Te_6Sn_9$ का विश्लेषण किया है।

2. विवेचना:

इस शोध कार्य में हमारे द्वारा "मेल्ट क्वेंचिंग तकनीक" से बल्क $Se_{80}In_5Te_6Sn_9$ ग्लास बनाया गया है। 5N शुद्धता वाली सामग्री, सेलेनियम (Se), इंडियम (In), टेल्यूरियम (Te) और टिन (Sn) को उनके परमाणु प्रतिशत के अनुसार मापा गया। इन्हें अल्ट्रासोनिक रूप से साफ किए गए क्वार्ट्ज़ एम्प्यूल्स में रखा गया था। एम्प्यूल्स को 10^{-5} टॉर वैक्यूम बनाए रखकर सील किया गया था। उच्च तापमान पर संश्लेषित नमूनों के ऑक्सीकरण से बचने के लिए एम्प्यूल्स के अंदर उच्च निर्वात बनाया गया था। इसके बाद, खाली किए गए एम्प्यूल्स को एक माइक्रोप्रोसेसर-नियंत्रित इलेक्ट्रिक फर्नेस में रखा गया, जो चार चरणों में संचालित होता था। पहले चरण में, तापमान को 2 घंटे के लिए 673 K पर बनाए रखा गया; दूसरे चरण में, इसे 2 घंटे के लिए 873 K तक बढ़ाया गया; तीसरे चरण में, इसे 3 घंटे के लिए 973 K पर सेट किया गया; और अंत में, चौथे चरण में, तापमान को 3 घंटे के लिए 1023 K तक बढ़ाया गया। पिघले हुए तत्वों की उचित समरूपता सुनिश्चित करने के लिए एम्प्यूल्स को लगातार हिलाया गया। इसके बाद, एम्प्यूल्स को बर्फ से ठंडे पानी में बुझाया गया। ठोस हो चुके नमूनों को एम्प्यूल तोड़कर निकाला गया और फिर उन्हें बारीक पाउडर में पीस लिया गया।



चित्र 1: बल्क चैल्कोजेनाइड ग्लास के संश्लेषण हेतु मेल्ट क्वेंचिंग तकनीक का योजनाबद्ध आरेख (यह चित्र सन्दर्भ संख्या [1] से लिया गया है)

भौतिक वाष्प संघनन तकनीक द्वारा नैनो-चैल्कोजेनाइड की 20 नैनोमीटर मोटाई की पतली फिल्में बनाई गई है। फील्ड एमिशन स्कैनिंग इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप (FESEM) तथा उच्च-रिज़ॉल्यूशन एक्स-रे विवर्तन (HRXRD) का उपयोग करके संशेलेतित पदार्थ के संरचना बारे में जानकारी प्राप्त किए हैं। अनाकार और क्रिस्टलीकृत पतली फिल्मों का HRXRD विश्लेषण रिगाकू अल्टिमा-IV एक्स-रे विवर्तनमापी का उपयोग करके किया गया, जिसमें 30 kV पर Cu-Kα विकिरण और 10 mA की धारा का प्रयोग किया गया। विवर्तन प्रोफाइल 10°-80° के 2θ रेंज में 2° प्रति मिनट की स्कैन दर के साथ प्राप्त किए गए, जिससे पतली फिल्म में मौजूद क्रिस्टलीय चरणों की पहचान संभव हुई।



चित्र 2: $Se_{80}In_5Te_6Sn_9$ नैनो चैल्कोजेनाइड की प्रारंभिक और एनील्ड पतली फिल्मों का HRXRD पैटर्न।

नैनो-चैल्कोजेनाइड की पतली फिल्म की सतह की आकृति विज्ञान का विश्लेषण उच्च-रिज़ॉल्यूशन JEOL/JSM 6610 स्कैनिंग इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप का उपयोग करके किया गया। चित्र 3 से स्पष्ट है कि तापमान बढ़ने के साथ फिल्मों की संरचना में महत्वपूर्ण परिवर्तन होता है। यह पाया गया कि प्रारंभिक अवस्था में तैयार की गई फिल्मो में सतह का खुरदरापन अधिक होता है, जबकि एनीलिंग की गई फिल्मों में एनीलिंग तापमान बढ़ने के साथ सतह पर कणिकाओं का निर्माण दिखाई देता है, जिससे यह संकेत मिलता है कि एनीलिंग तापमान में वृद्धि के कारण अनाकार अवस्था से क्रिस्टलीय अवस्था में अवस्था परिवर्तन अधिक स्पष्ट हो जाते हैं।



चित्र 3: $Se_{80}In_5Te_6Sn_9$ की नैनो चैल्कोजेनाइड की प्रारंभिक और एनील्ड पतली फिल्मों की FESEM छवि।

पतली फिल्म को अलग-अलग तापमान पर 2 घंटे तक ऊष्मीय ऊर्जा देकर इसकी "प्रकाशीय गुणों" का अध्ययन किया गया है। प्रकाशीय गुणों का अध्ययन JASCO UV/VIS/NIR स्पेक्ट्रोफोटोमीटर का उपयोग करके उनके प्रकाशीय अवशोषण को मापकर किया गया। माप 400-900 नैनोमीटर की तरंगदैर्ध्य सीमा पर किए गए थे।

निम्नलिखित समीकरण (1) का उपयोग करके, तैयार और एनील्ड $Se_{80}In_5Te_6Sn_9$ फिल्मों के अवशोषण गुणांक (α) की गणना की गई है। [12]

$$\alpha = \text{प्रकाशीय घनत्व / फिल्म की मोटाई} \qquad (1)$$

सारणीबद्ध आंकड़ों से यह स्पष्ट है कि एक विशिष्ट तरंगदैर्ध्य पर, जैसे-जैसे एनीलिंग तापमान बढ़ता है, सभी पतली फिल्मों में अवशोषण गुणांक का मान बढ़ता जाता है। घातांकीय पूंछ पर α का मान निम्नलिखित संबंध द्वारा निर्धारित होता है। [13]

$$(\alpha h\nu)^p = B\,[h\nu - E_g] \qquad (2)$$



चित्र 4: $Se_{80}In_5Te_6Sn_9$ नैनो चैल्कोजेनाइड की प्रारंभिक और एनील्ड पतली फिल्मों के आपतित फोटॉन ऊर्जा (hν) के साथ अवशोषण गुणांक (α) में परिवर्तन का ग्राफ।

यहां B एक पैरामीटर को दर्शाता है जो संक्रमण की संभावना पर निर्भर करता है, E_g प्रकाशीय बैंड अन्तराल को दर्शाता है, और प्रकाशीय संक्रमण को सूचकांक p द्वारा निर्धारित किया जाता है। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष बैंड अन्तराल के लिए p के मान क्रमशः 2 और ½ पाए गए हैं। इस स्थिति में, सबसे उपयुक्त p का मान 2 पाया गया है, जो प्रत्यक्ष प्रकाशीय संक्रमण का संकेत देता है। [14]

चित्र 5, तैयार की गई और एनील्ड $Se_{80}In_5Te_6Sn_9$ पतली फिल्मों की फोटॉन ऊर्जा (hν) के मुकाबले $(\alpha h\nu)^2$ के बीच ग्राफ को दर्शाता है। ग्राफ के रैखिक भाग को ऊर्जा अक्ष, यानी X-अक्ष पर विस्तारित करके, प्रकाशीय बैंड अन्तराल की गणना सीधे की जा सकती है। तालिका 1 में तैयार की गई $Se_{80}In_5Te_6Sn_9$ पतली फिल्मों के प्रकाशीय बैंड अन्तराल के मानों का सारांश दिया गया है।



चित्र 5: $Se_{80}In_5Te_6Sn_9$ नैनो चैल्कोजेनाइड की प्रारंभिक और एनील्ड पतली फिल्मों के लिए ऊर्जा (hν) के साथ $(\alpha h\nu)^2$ का ग्राफ।

यह पाया गया कि जब एनीलिंग तापमान बढ़ता है, तो प्रकाशीय बैंड अन्तराल सिकुड़ जाता है। अनाकार और क्रिस्टलीय अवस्थाओं के बीच होने वाले चरण संक्रमण प्रकाशीय बैंड अन्तराल में कमी का कारण बताते हैं। अनाकार पदार्थ का तापीय एनीलिंग कांच संक्रमण तापमान से ऊपर किया जाता है, जिससे कंपन ऊर्जा इतनी बढ़ जाती है कि यह कुछ कमजोर बंधनों को तोड़ सकती है और सिस्टम को कुछ स्थानांतरीय गतिशीलता प्रदान कर सकती है। अंततः, नाभिकीय निर्माण और वृद्धि से क्रिस्टलीकरण होता है, जो एनीलिंग तापमान पर निर्भर करता है। एनीलिंग तापमान बढ़ने के साथ-साथ तापीय रूप से परिवर्तित क्रिस्टलीय अवस्था भी बढ़ती है। हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि ये उत्पन्न क्रिस्टलीय अवस्थाएँ ही मुख्य रूप से प्रकाशीय बैंड अन्तराल में कमी के लिए उत्तरदायी हैं। [15]

3. उपसंघार:

हमारे शोध कार्य में $Se_{80}In_5Te_6Sn_9$ नैनो-चैल्कोजेनाइड्स की 20 नैनोमीटर की पतली फिल्मो निर्माण किया गया और विभिन्न तापमानों पर एनीलिंग प्रभाव द्वारा अक्रिस्टलीय से क्रिस्टलीय अवस्था में परिवर्तन का अध्ययन किया गया। HRXRD और FESEM मापों से पुष्टि होती है कि हमारी तैयार की गई फिल्मों का अनाकार से क्रिस्टलीय अवस्था में परिवर्तित होता है और तापमान बढ़ने पर यह परिवर्तन अधिक स्पष्ट होता है, जो ऊष्मा-संरचनात्मक अवस्था परिवर्तन के कारण होता है। प्रकाशीय अवशोषण माप से संकेत मिलता है कि प्रकाशीय अवशोषण प्रत्यक्ष संक्रमण के कारण होता है। यह पाया गया है कि एनीलिंग तापमान बढ़ने पर प्रकाशीय बैंडगैप सिकुड़ता है, हालांकि, फोटॉन ऊर्जा में वृद्धि के साथ अवशोषण गुणांक बढ़ता हैं। उपरोक्त अध्यनन द्वारा यह निष्कर्ष प्राप्त होता है कि संश्लेषित $Se_{80}In_5Te_6Sn_9$ नैनो-चैल्कोजेनाइड्स पतली फिल्में अवस्था परिवर्तन स्मृति युक्तियो में उपयोगी सिद्ध हो सकती है।

तालिका-1: $Se_{80}In_5Te_6Sn_9$ नैनो-चैल्कोजेनाइड की प्रारंभिक और एनील्ड पतली फिल्मों के प्रकाशीय प्राचल

प्रकाशीय स्थिरांक	***प्रारंभिक अवस्था की पतली फिल्म***	***343 K पर एनीलिंग की गई पतली फिल्म***	***353 K पर एनीलिंग की गई पतली फिल्म***	***363 K पर एनीलिंग की गई पतली फिल्म***
α (10^4) (सेमी$^{-1}$) λ = 480 nm पर	**2.32**	**3.13**	**3.94**	**5.11**
प्रकाशीय बैंड अंतराल (E_g)(eV)	**3.90**	**3.72**	**3.42**	**3.15**

संदर्भ ग्रंथ सूची (Bibliography/References)

[1] Hussain, I. H. (2025). Kinetics of Non Isothermal Crystallization and Optical Studies of Chalcogenide Glasses. Deen Dayal Upadhyay Gorakhpur University.http://hdl.handle.net/10603/689353

[2] Srivastava, A., Khan, Z. H., & Khan, S. A. (2024). Effect of ambient argon pressure on the structural, optical and electrical properties of non-crystalline $Se_{85}Te_3Bi_{12}$ nano-thin films. Journal of Physics D: Applied Physics, 57(9), 95303. https://doi.org/10.1088/1361-6463/ad0ef8

[3] Smith, B. A., Cowlam, N., & Shamah, A. M. (1979). The crystal growth and atomic structure of $As_2(Se, S)_3$ compounds. Philosophical Magazine B, 39(2), 111–132. https://doi.org/10.1080/13642817908246342

[4] Choi, D.-Y., Madden, S., Bulla, D., Wang, R., Rode, A., & Luther-Davies, B. (2010). Thermal annealing of arsenic tri-sulphide thin film and its influence on device performance. Journal of Applied Physics, 107(5), 53106. https://doi.org/10.1063/1.3310803

[5] Khan, I. H., Srivastava, A., Tripathi, R. P., Shaheer Akhtar, M., Khan, Z. M. S. H., & Khan, S. A. (2026). Exploring the amorphous-to-crystalline phase transition in $Se_{80}In_5Te_{15-x}Bi_x$ chalcogenide thin films. Surface Review and Letters, 2650039. https://doi.org/10.1142/S0218625X26500393

[6] Khan, I. H., Srivastava, A., Tripathi, R. P., Zulfequar, M., & Khan, S. A. (2025). Impact of antimony blending on various thermal stability parameters and crystallization dynamics in amorphous $Se_{80}In_5Te_{15-x}Sb_x$ quaternary chalcogenide glasses. Phase Transitions, 98(4–5), 290–306. https://doi.org/10.1080/01411594.2025.2487995

[7] Bhatt, N., Parveen, S., Whab, A., Sulania, I., & Pumlianmunga. (2025). Enhancement in the thermal stability of Sb_2Te_3 film by co-doping of Ge and S for power-efficient phase change memory. Journal of Alloys and Compounds, 1048, 185212. https://doi.org/https://doi.org/10.1016/j.jallcom.2025.185212

[8] Kemparaju, R., Rohit, Prabhudesai, A., Prasanth, S. C., Kumar, M. M., & Ramesh, K. (2025). Electrical switching and phase change properties of GeTe-Al_2Te_3 chalcogenide alloys. Ceramics International, 51(19, Part B), 29046–29054. https://doi.org/https://doi.org/10.1016/j.ceramint.2025.04.110

[9] Shoab, M., Aslam, Z., Khatoon, N. F., Saifi, S., Ali, J., Khan, F., Alomairy, S., & Zulfequar, M. (2024). Investigation of thermal and electrical properties of Sn and Al incorporated Se–Te chalcogenide glasses for phase change memory applications. Journal of Materials Science: Materials in Electronics, 35(36), 2269. https://doi.org/10.1007/s10854-024-14005-1

[10] Saito, Y., Mitrofanov, K. V, Makino, K., Fons, P., Kolobov, A. V, Tominaga, J., Uesugi, F., & Takeguchi, M. (2021). Chalcogenide Materials Engineering for Phase-Change Memory and Future Electronics Applications: From Sb–Te to Bi–Te. Physica Status Solidi (RRL) – Rapid Research Letters, 15(3), 2000414. https://doi.org/https://doi.org/10.1002/pssr.202000414

[11] Chen, Y., Chen, S., Lin, Z., Song, L., Gu, C., Liu, Z., Xu, T., Wang, J.-Q., & Shen, X. (2025). Revealing the crystallization kinetics of melt-quenched GeTe for realistic phase-change memory applications. Journal of Alloys and Compounds, 1010, 178067. https://doi.org/https://doi.org/10.1016/j.jallcom.2024.178067

[12] Srivastava, A., Khan, Z. M. S. H., Khan, Z. H., & Khan, S. A. (2024). Studies of $Se_{85}Te_{12}Bi_3$ and $Se_{85}Te_9Bi_6$ Nanochalcogenide Thin Films at Different Working Pressures. In Z. H. Khan, M. Jackson, & N. A. Salah (Eds.), Recent Advances in Nanomaterials (pp. 133–140). Springer Nature Singapore.

[13] Srivastava, A., Akhtar, M. S., Umar, A., Hashem, M., Alsarani, M. M., Fouad, H., & Khan, S. A. (2023). Comparative Study on Structural and Optical Properties of $Se_{85}Te_6$ Bi_9 Nano-Thin Films Synthesized at Disparate Ambient Argon Pressures. Science of Advanced Materials, 15(1), 10–16. https://doi.org/10.1166/sam.2023.4397

[14] Srivastava, A., Khan, S. A., & Srivastava, A. (2024). Fabrication and Characterization of Silicon Quantum Dots Thin Films for Optoelectronic Applications. SciEngg Advances, 1(4), 124–133. https://doi.org/https://doi.org/10.69626/sea.2024.0124

[15] Khan, S. A., Lal, J. K., & Al-Ghamdi, A. A. (2010). Thermal annealing effect of on optical constants of vacuum evaporated $Se_{75}S_{25-x}Cd_x$ chalcogenide thin films. Optics & Laser Technology, 42(5), 839–844. https://doi.org/https://doi.org/10.1016/j.optlastec.2009.12.013

खंड ३, अंक १, मार्च -२०२६
ई-विज्ञानम
मासिक विज्ञान पत्रिका

Vol. 3, Issue 1, March-2026
e-vigyanam
Monthly Science Journal

सामान्य आलेख (General Article)

DOI: 10.66346/ev.v3i1.2026.3

टिहरी बाँध परियोजना: तकनीकी उपलब्धि और सामाजिक-पर्यावरणीय प्रभाव

तमन्ना धनाई*, अभिषेक प्रजापति
[1]*हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय श्रीनगर), उत्तराखंड, भारत-246001
[2]भौतिकी एवं पदार्थ विज्ञान विभाग, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर, उ०प्र०, भारत-273010
लेखक से संवाद के लिए ईमेल*- dhanaitamanna@gmail.com, ap0858249@gmail.com

आलेख प्राप्त: ०२ जून २०२६; स्वीकृत: २३ जून २०२६
प्रथम ऑनलाइन प्रकाशित: १८ जून २०२६

सारांश

टिहरी बाँध परियोजना भारत की प्रमुख बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजनाओं में से एक है, जिसने जल संसाधन प्रबंधन, ऊर्जा उत्पादन, सिंचाई तथा पेयजल आपूर्ति के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह अध्ययन टिहरी बाँध परियोजना के भौगोलिक, ऐतिहासिक, तकनीकी, सामाजिक, आर्थिक तथा पर्यावरणीय पहलुओं का समग्र विश्लेषण प्रस्तुत करता है। अध्ययन में द्वितीयक स्रोतों, सरकारी रिपोर्टों, शैक्षणिक सामग्री तथा प्रकाशित लेखों के आधार पर परियोजना के बहुआयामी प्रभावों का मूल्यांकन किया गया है। अध्ययन से स्पष्ट होता है कि इस परियोजना ने जलविद्युत उत्पादन, क्षेत्रीय विकास, सिंचाई विस्तार तथा पर्यटन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। दूसरी ओर, विस्थापन, पुनर्वास, पर्यावरणीय क्षति तथा भूकंपीय जोखिम जैसी चुनौतियाँ भी इससे जुड़ी रही हैं। शोध यह निष्कर्ष प्रस्तुत करता है कि बड़े विकास कार्यों की सफलता केवल आर्थिक लाभों से नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, पर्यावरणीय संरक्षण तथा सतत विकास के सिद्धांतों के संतुलित समावेश से निर्धारित होती है। टिहरी बाँध परियोजना विकास और संरक्षण के मध्य संतुलन स्थापित करने की आवश्यकता को रेखांकित करती है।

सूचक शब्द- टिहरी बाँध परियोजना, जलविद्युत उत्पादन, विस्थापन, पर्यावरणीय प्रभाव, पुनर्वास, सतत विकास, जल संसाधन प्रबंधन, उत्तराखंड, नदी घाटी परियोजना, भूकंपीय जोखिम

खंड ३, अंक १, मार्च -२०२६
ई-विज्ञानम
मासिक विज्ञान पत्रिका

Vol. 3, Issue 1, March-2026
e-vigyanam
Monthly Science Journal

सामान्य आलेख (General Article)

DOI: 10.66346/ev.v3i1.2026.3

Tehri Dam Project: Technical Achievements and Socio-

Tamanna Dhanai*, Abhishek Prajapati
[1]*Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University, Srinagar, Uttarakhand, India-246001
[2]Department of Physics and Material Science, Madan Mohan Malaviya University of Technology
Gorakhpur, Uttar Pradesh, India – 273010
Corresponding author Email*: dhanaitamanna@gmail.com, ap0858249@gmail.com

Received on: 02 Jun 2026; Accepted: 23 Jun 2026
Published Online First on: 28 Jun 2026

ABSTRACT

The Tehri Dam Project is one of India's major multipurpose river valley projects that has played a significant role in water resource management, hydroelectric power generation, irrigation, and drinking water supply. This study presents a comprehensive analysis of the geographical, historical, technical, social, economic, and environmental dimensions of the Tehri Dam Project. The study is based on secondary data sources, including government reports, academic literature, official documents, and published articles, to examine the multidimensional impacts of the project. The findings indicate that the project has contributed significantly to hydroelectric power generation, regional development, irrigation expansion, and tourism growth. However, issues such as displacement, rehabilitation challenges, environmental degradation, and seismic risks have also emerged as major concerns associated with the project. The study concludes that the success of large-scale development projects should not be evaluated solely on economic benefits but also on the basis of social justice, environmental sustainability, and balanced development. The Tehri Dam Project highlights the importance of maintaining equilibrium between development objectives and environmental conservation for sustainable growth.

Keywords: Tehri Dam Project, Hydroelectric Power Generation, Displacement, Environmental Impact, Rehabilitation, Sustainable Development, Water Resource Management, Uttarakhand, River Valley Project, Seismic Risk

भारत जैसे विकासशील देश के लिए जल और ऊर्जा संसाधनों का सुनियोजित और संतुलित उपयोग अत्यंत आवश्यक है। बढ़ती जनसंख्या, औद्योगीकरण और शहरीकरण के कारण बिजली, सिंचाई और पेयजल की मांग निरंतर बढ़ रही है[1]। इन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए देश में अनेक बड़ी नदी घाटी परियोजनाएँ विकसित की गई हैं, जिनमें टिहरी बाँध परियोजना का विशेष स्थान है। टिहरी बाँध न केवल भारत का बल्कि एशिया का भी सबसे ऊँचा बाँध माना जाता है। यह परियोजना उत्तराखंड राज्य में स्थित है और इसके माध्यम से उत्तर भारत के कई राज्यों को ऊर्जा, जल और सिंचाई की सुविधा प्राप्त होती है। टिहरी बाँध परियोजना को आधुनिक भारत के विकास का प्रतीक माना जाता है। यह एक ऐसी बहुउद्देशीय परियोजना है जो एक साथ कई समस्याओं का समाधान प्रस्तुत करती है। इसके निर्माण ने देश की जल विद्युत क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि की है[2], वहीं दूसरी ओर इसके सामाजिक और पर्यावरणीय प्रभावों ने व्यापक बहस को भी जन्म दिया है। इस निबंध में टिहरी बाँध परियोजना के भौगोलिक, ऐतिहासिक, तकनीकी, सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया है।

भौगोलिक स्थिति और प्राकृतिक परिवेश

टिहरी बाँध उत्तराखंड राज्य के टिहरी गढ़वाल जिले में स्थित है। यह भागीरथी नदी पर बनाया गया है, जो आगे चलकर अलकनंदा नदी से मिलकर गंगा नदी का निर्माण करती है। यह क्षेत्र हिमालय की पर्वतीय श्रृंखला में स्थित है, जहाँ ऊँचे-ऊँचे पहाड़, गहरी घाटियाँ और तेज बहाव वाली नदियाँ पाई जाती हैं।

भागीरथी और भिलंगना नदियों के संगम के पास स्थित यह बाँध क्षेत्र भूकंपीय दृष्टि से संवेदनशील माना जाता है। यहाँ की चट्टानी संरचना, वर्षा की अधिकता और भूस्खलन की संभावनाएँ इस क्षेत्र को तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण बनाती हैं। इसके बावजूद, इंजीनियरों और वैज्ञानिकों ने इस कठिन भू-भाग में एक विशाल संरचना का निर्माण कर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की।

टिहरी बाँध के आसपास का क्षेत्र प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर है। घने वन, पहाड़ी ढलान, स्वच्छ हवा और शांत वातावरण इस क्षेत्र को एक आकर्षक पर्यटन स्थल बनाते हैं। बाँध के निर्माण के बाद बनी टिहरी झील ने इस क्षेत्र की भौगोलिक पहचान को और भी अधिक प्रसिद्ध बना दिया है [2-3]।

चित्र 1: टिहरी बाँध
स्रोत:THDC India Limited (2024)

ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और योजना का विकास

टिहरी बाँध परियोजना की परिकल्पना पहली बार 1940 के दशक में की गई थी। उस समय देश की बढ़ती ऊर्जा और सिंचाई आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए गंगा नदी प्रणाली के अंतर्गत एक बड़ी परियोजना की आवश्यकता महसूस की गई। प्रारंभिक सर्वेक्षण और तकनीकी अध्ययन के बाद 1960 और 1970 के दशक में इस परियोजना की विस्तृत योजना तैयार की गई।

वर्ष 1978 में टिहरी बाँध का निर्माण कार्य औपचारिक रूप से शुरू किया गया। इस परियोजना को टिहरी हाइड्रो डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (THDC) द्वारा क्रियान्वित किया गया, जिसमें भारत सरकार और उत्तर प्रदेश (बाद में उत्तराखंड) सरकार की साझेदारी रही।

निर्माण के दौरान अनेक तकनीकी, वित्तीय और सामाजिक चुनौतियाँ सामने आई। बाँध स्थल की भूकंपीय संवेदनशीलता, स्थानीय लोगों का विरोध, पर्यावरणीय चिंताएँ और विस्थापन की समस्या ने इस परियोजना को कई बार विवादों में घेर लिया। इसके बावजूद, सरकार और परियोजना प्रबंधन ने इन चुनौतियों का सामना करते हुए निर्माण कार्य को आगे बढ़ाया। अंततः वर्ष 2006 में टिहरी बाँध परियोजना का मुख्य चरण पूर्ण हुआ और विद्युत उत्पादन प्रारंभ किया गया।[3-4]

संरचना और तकनीकी विशेषताएँ

टिहरी बाँध एक रॉक-फिल डैम है, अर्थात यह मुख्य रूप से मिट्टी और चट्टानों से बनाया गया है। इसकी ऊँचाई लगभग 260 मीटर है, जिससे यह एशिया का सबसे ऊँचा बाँध बनता है। इसकी लंबाई लगभग 575 मीटर है और इसका आधार अत्यंत मजबूत चट्टानों पर स्थित है।

इस बाँध के पीछे बना जलाशय, जिसे टिहरी झील के नाम से जाना जाता है, लगभग 3540 मिलियन घन मीटर जल संग्रहण क्षमता रखता है। यह विशाल जलाशय उत्तर भारत के कई राज्यों के लिए जल और ऊर्जा का प्रमुख स्रोत है।[3-4]

टिहरी परियोजना के अंतर्गत दो प्रमुख विद्युत उत्पादन इकाइयाँ स्थापित की गई हैं। पहली चरण में 1000 मेगावाट की जल विद्युत क्षमता विकसित की गई, जबकि बाद में पंप स्टोरेज योजना के अंतर्गत अतिरिक्त क्षमता जोड़ी गई। पंप स्टोरेज प्रणाली के माध्यम से रात के समय अतिरिक्त बिजली का उपयोग करके पानी को ऊपर की ओर पंप किया जाता है और दिन में आवश्यकता के अनुसार उसे नीचे गिराकर बिजली उत्पन्न की जाती है।

सारणी 1: वर्षवार विद्युत उत्पादन (टिहरी बाँध परियोजना) (2)

वर्ष	**उत्पादित विद्युत (मिलियन यूनिट) (MU)**	**स्थापित क्षमता का प्रतिशत उपयोग (%)**
2010–11	1663	47.5
2011–12	2119	60.5
2012–13	2348	67.1
2013–14	2710	77.4
2014–15	3090	88.3
2015–16	3319	94.8
2016–17	3567	102.0
2017–18	3745	107.1
2018–19	3821	109.3
2019–20	3876	110.9
2020–21	3602	103.2
2021–22	3711	106.3
2022–23	3884	111.2
2023–24	3942	112.6



चित्र 2 में टिहरी बाँध परियोजना के वर्ष 2010–11 से 2023–24 तक के वार्षिक विद्युत उत्पादन को दर्शाया गया है। ग्राफ से स्पष्ट होता है कि परियोजना का विद्युत उत्पादन समय के साथ सामान्यतः बढ़ता गया है। वर्ष 2010–11 में विद्युत उत्पादन 1,663 मिलियन यूनिट (MU) था, जो वर्ष 2023–24 में बढ़कर 3,942 मिलियन यूनिट (MU) हो गया। वर्ष 2020–21 में उत्पादन में हल्की कमी दिखाई देती है, जिसके पीछे जल उपलब्धता, वर्षा की स्थिति तथा परिचालन संबंधी कारण हो सकते हैं। इसके बाद पुनः उत्पादन में वृद्धि दर्ज की गई। समग्र रूप से यह ग्राफ दर्शाता है कि टिहरी बाँध परियोजना उत्तर भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति में निरंतर महत्वपूर्ण योगदान दे रही है तथा इसकी उत्पादन क्षमता का प्रभावी उपयोग किया जा रहा है।

परियोजना के उद्देश्य

टिहरी बाँध परियोजना को एक बहुउद्देशीय परियोजना के रूप में विकसित किया गया है। इसके प्रमुख उद्देश्य निम्नलिखित हैं:

1. **जल विद्युत उत्पादन** – देश की बढ़ती बिजली की मांग को पूरा करना और स्वच्छ ऊर्जा का स्रोत उपलब्ध कराना।
2. **सिंचाई सुविधा** – उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के कृषि क्षेत्रों को सिंचाई के लिए जल उपलब्ध कराना।
3. **पेयजल आपूर्ति** – दिल्ली और आसपास के शहरी क्षेत्रों को स्वच्छ पेयजल प्रदान करना।
4. **बाढ़ नियंत्रण** – मानसून के दौरान गंगा नदी के जलस्तर को नियंत्रित कर बाढ़ से होने वाले नुकसान को कम करना।
5. **क्षेत्रीय विकास** – पर्यटन, रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना।

सामाजिक प्रभाव और विस्थापन की समस्या

टिहरी बाँध परियोजना का सबसे महत्वपूर्ण और संवेदनशील पहलू इसका सामाजिक प्रभाव रहा है। बाँध के निर्माण के कारण पुराना टिहरी शहर और आसपास के कई गाँव जलाशय क्षेत्र में डूब गए। इसके परिणामस्वरूप हजारों परिवारों को अपने घर, जमीन और आजीविका छोड़नी पड़ी।

विस्थापित लोगों के लिए नए टिहरी शहर की स्थापना की गई, जहाँ उन्हें आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य बुनियादी सुविधाएँ प्रदान करने का प्रयास किया गया। हालांकि, कई लोगों का मानना है कि पुनर्वास की प्रक्रिया पूरी तरह संतोषजनक नहीं रही और लोगों को अपने पारंपरिक सामाजिक और सांस्कृतिक परिवेश से अलग होना पड़ा।

इस विस्थापन ने स्थानीय समुदायों के जीवन पर गहरा प्रभाव डाला। कृषि, पशुपालन और पारंपरिक व्यापार जैसे आजीविका के साधन प्रभावित हुए। सामाजिक संबंधों और सांस्कृतिक परंपराओं में भी परिवर्तन देखने को मिला।

आर्थिक लाभ और क्षेत्रीय विकास

टिहरी बाँध परियोजना ने उत्तर भारत की अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। जल विद्युत उत्पादन से प्राप्त ऊर्जा ने औद्योगिक विकास को गति दी है। इससे रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं और स्थानीय लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लाभ मिला है।

सिंचाई सुविधाओं के विस्तार से कृषि उत्पादन में वृद्धि हुई है। इससे किसानों की आय बढ़ी है और ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक स्थिरता आई है।

टिहरी झील और आसपास का क्षेत्र एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में उभरा है। जल क्रीड़ा, नौका विहार और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने के लिए देश-विदेश से पर्यटक यहाँ आते हैं। इससे होटल, परिवहन और स्थानीय व्यवसायों को बढ़ावा मिला है[1,2]।

पर्यावरणीय प्रभाव और चुनौतियाँ

टिहरी बाँध परियोजना के पर्यावरणीय प्रभावों को लेकर व्यापक बहस हुई है। बाँध के निर्माण से बड़े पैमाने पर वन क्षेत्र जलमग्न हो गए, जिससे जैव विविधता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा। कई वन्य जीवों का प्राकृतिक आवास नष्ट हुआ और पारिस्थितिकी तंत्र में बदलाव आया।

इसके अलावा, हिमालयी क्षेत्र में बाँध निर्माण से भूकंपीय जोखिम बढ़ने की आशंका भी व्यक्त की गई। कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि बड़े जलाशयों के कारण भू-गर्भीय दबाव बढ़ सकता है, जिससे भूकंप की संभावना में वृद्धि हो सकती है।

नदी के प्राकृतिक प्रवाह में बदलाव से नीचे की ओर स्थित क्षेत्रों की जल उपलब्धता और मिट्टी की उर्वरता पर भी प्रभाव पड़ा है। पर्यावरणविदों का तर्क है कि नदी के साथ-साथ बहने वाली गाद (सिल्ट) का प्रवाह रुकने से कृषि भूमि की उर्वरता कम हो सकती है[4,5]।

विवाद और जन आंदोलन

टिहरी बाँध परियोजना के दौरान कई सामाजिक और पर्यावरणीय संगठनों ने इसका विरोध किया [चित्र 3] । प्रमुख पर्यावरणविद् और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बाँध के निर्माण को हिमालयी क्षेत्र के लिए खतरनाक बताया।

स्थानीय लोगों द्वारा कई बार आंदोलन किए गए, जिनमें पुनर्वास, मुआवजा और पर्यावरण संरक्षण की मांग की गई। इन आंदोलनों ने सरकार और परियोजना प्रबंधन को पुनर्वास नीति और पर्यावरणीय सुरक्षा उपायों पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर किया[1,4]।

हालांकि, सरकार का यह तर्क रहा कि राष्ट्रीय हित और विकास की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इस परियोजना का निर्माण आवश्यक है।

चित्र 3: टिहरी बाँध परियोजनाओं के विरुद्ध जन आंदोलन और विरोध प्रदर्शन
स्रोत: https://www.jagranjosh.com/general-knowledge/highest-dam-of-india-tehri-dam-all-you-need-to-know-1655288007-1

टिहरी बाँध और राष्ट्रीय विकास

टिहरी बाँध परियोजना को राष्ट्रीय विकास के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जाता है। यह परियोजना देश की जल विद्युत क्षमता को बढ़ाने में सहायक रही है और उत्तर भारत के कई राज्यों की जल और ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा कर रही है।

इसके माध्यम से स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा मिला है, जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। इसके अलावा, सिंचाई और पेयजल आपूर्ति के माध्यम से यह परियोजना सामाजिक कल्याण में भी योगदान देती है[6,7]।

भूकंपीय सुरक्षा, पुनर्वास, लागत-लाभ विश्लेषण एवं भविष्य की संभावनाएँ

भूकंपीय सुरक्षा और तकनीकी चुनौतियाँ

टिहरी बाँध हिमालयी क्षेत्र में स्थित है, जो भारत के सबसे अधिक भूकंप-संवेदनशील क्षेत्रों में से एक माना जाता है। यह क्षेत्र भूकंपीय ज़ोन-V में आता है, जहाँ उच्च तीव्रता के भूकंप आने की संभावना रहती है। इसी कारण टिहरी बाँध के निर्माण के समय इसकी सुरक्षा को लेकर अनेक प्रश्न उठाए गए थे।

परियोजना के इंजीनियरों और भूवैज्ञानिकों ने बाँध की संरचना को इस प्रकार डिजाइन किया कि वह अत्यधिक तीव्र भूकंपीय गतिविधियों को भी सहन कर सके। बाँध के निर्माण में आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया गया तथा इसकी नींव को मजबूत चट्टानी आधार पर स्थापित किया गया। विशेषज्ञों के अनुसार यह बाँध उच्च तीव्रता के भूकंपों का सामना करने में सक्षम है। इसके बावजूद कुछ वैज्ञानिकों और पर्यावरणविदों का मानना है कि विशाल जलाशय के कारण क्षेत्र में भूगर्भीय दबाव बढ़ सकता है, जिससे भूकंपीय जोखिमों का निरंतर अध्ययन आवश्यक है।

इस प्रकार टिहरी बाँध न केवल एक इंजीनियरिंग उपलब्धि है, बल्कि भूकंप-रोधी संरचनाओं के विकास का भी एक महत्वपूर्ण उदाहरण प्रस्तुत करता है।

पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन

टिहरी बाँध परियोजना के कारण पुराना टिहरी शहर तथा अनेक गाँव जलाशय क्षेत्र में डूब गए। इसके परिणामस्वरूप हजारों परिवारों को अपने घरों, कृषि भूमि और आजीविका के स्रोतों को छोड़कर अन्य स्थानों पर बसना पड़ा। विस्थापन की यह प्रक्रिया परियोजना का सबसे संवेदनशील सामाजिक पहलू रही है।

सरकार द्वारा प्रभावित लोगों के लिए पुनर्वास योजनाएँ लागू की गईं तथा नए टिहरी शहर का विकास किया गया। विस्थापित परिवारों को आवास, मुआवजा, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएँ प्रदान करने का प्रयास किया गया। हालांकि अनेक लोगों ने यह शिकायत की कि आर्थिक मुआवजा उनके सामाजिक और सांस्कृतिक नुकसान की भरपाई नहीं कर सका।

पुनर्वास की प्रक्रिया ने यह स्पष्ट किया कि किसी भी बड़ी विकास परियोजना में केवल आर्थिक लाभ ही पर्याप्त नहीं होते, बल्कि प्रभावित समुदायों की सामाजिक, सांस्कृतिक और भावनात्मक आवश्यकताओं को भी समान महत्व दिया जाना चाहिए।

लागत-लाभ विश्लेषण

टिहरी बाँध परियोजना भारत की सबसे महंगी जल संसाधन परियोजनाओं में से एक रही है। निर्माण अवधि लंबी होने के कारण इसकी लागत समय के साथ बढ़ती गई। हालांकि प्रारंभिक लागत अनुमान की तुलना में अंतिम व्यय अधिक रहा, फिर भी परियोजना से प्राप्त दीर्घकालिक लाभ इसे राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण बनाते हैं।

परियोजना से प्राप्त प्रमुख लाभ निम्नलिखित हैं—

- जल विद्युत उत्पादन के माध्यम से स्वच्छ ऊर्जा की उपलब्धता।
- लाखों लोगों को पेयजल आपूर्ति।
- कृषि क्षेत्रों के लिए सिंचाई सुविधा।
- बाढ़ नियंत्रण में सहायता।

- पर्यटन और रोजगार के अवसरों में वृद्धि।

दूसरी ओर, वन क्षेत्रों का जलमग्न होना, जैव विविधता की क्षति तथा विस्थापन जैसी सामाजिक और पर्यावरणीय लागतें भी परियोजना से जुड़ी हुई हैं। इसलिए टिहरी बाँध परियोजना का मूल्यांकन करते समय आर्थिक लाभों के साथ-साथ सामाजिक और पर्यावरणीय प्रभावों को भी ध्यान में रखना आवश्यक है[2,6,7]।

Strengths (ताकत)

- विशाल जलविद्युत उत्पादन क्षमता।
- उत्तर भारत के लिए महत्वपूर्ण पेयजल स्रोत।
- सिंचाई सुविधाओं का विस्तार।
- बाढ़ नियंत्रण में सहायक।

Weaknesses (कमज़ोरियाँ)

- बड़े पैमाने पर विस्थापन।
- पर्यावरणीय क्षति।
- उच्च निर्माण एवं रखरखाव लागत।

Opportunities (अवसर)

- पर्यटन विकास।
- जल क्रीड़ा गतिविधियों का विस्तार।
- क्षेत्रीय रोजगार सृजन।
- नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र को बढ़ावा।

Threats (खतरे)

- भूकंपीय जोखिम।
- जलवायु परिवर्तन का प्रभाव।
- पारिस्थितिक असंतुलन।
- जलाशय में गाद (सिल्ट) का बढ़ता संचय।

भविष्य की संभावनाएँ

टिहरी बाँध परियोजना भविष्य में भारत की ऊर्जा और जल सुरक्षा में और अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। पंप्ड स्टोरेज परियोजनाओं के विस्तार से बिजली की मांग और आपूर्ति के बीच संतुलन स्थापित करने में सहायता मिलेगी। इसके अतिरिक्त, सौर और पवन ऊर्जा जैसे अन्य नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के साथ समन्वय स्थापित कर ऊर्जा क्षेत्र को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सकता है।

पर्यटन के क्षेत्र में भी टिहरी झील नई संभावनाएँ प्रस्तुत करती है। जल क्रीड़ा, साहसिक पर्यटन तथा पर्यावरणीय पर्यटन के विकास से स्थानीय अर्थव्यवस्था को और अधिक लाभ मिल सकता है। साथ ही, पर्यावरण संरक्षण, पुनर्वास सुधार और सतत विकास की नीतियों को मजबूत बनाकर इस परियोजना को भविष्य की विकास योजनाओं के लिए एक आदर्श मॉडल बनाया जा सकता है[6,7]।

निष्कर्ष

इस अध्ययन से स्पष्ट होता है कि टिहरी बाँध परियोजना भारत की जल संसाधन प्रबंधन और ऊर्जा विकास रणनीति का एक महत्वपूर्ण अंग है। इसने बिजली उत्पादन, सिंचाई, पेयजल आपूर्ति और क्षेत्रीय विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया है। साथ ही यह परियोजना यह भी दर्शाती है कि बड़े विकास कार्यों में सामाजिक न्याय, पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय समुदायों की भागीदारी को समान महत्व देना आवश्यक है। विकास और संरक्षण के मध्य संतुलन स्थापित करके ही ऐसी परियोजनाओं को दीर्घकालिक रूप से सफल बनाया जा सकता है। टिहरी बाँध परियोजना भारत की सबसे महत्वपूर्ण और चर्चित नदी घाटी परियोजनाओं में से एक है। यह एक ओर विकास, ऊर्जा उत्पादन और जल प्रबंधन का प्रतीक है, वहीं दूसरी ओर इसके सामाजिक और पर्यावरणीय प्रभावों ने गंभीर प्रश्न भी खड़े किए हैं।

यह परियोजना हमें यह सिखाती है कि बड़े विकास कार्यों में केवल तकनीकी और आर्थिक पहलुओं पर ही नहीं, बल्कि सामाजिक और पर्यावरणीय संतुलन पर भी समान रूप से ध्यान देना आवश्यक है। यदि भविष्य में ऐसी परियोजनाओं को अधिक संवेदनशीलता और सहभागिता के साथ लागू किया जाए, तो विकास और संरक्षण के बीच एक बेहतर संतुलन स्थापित किया जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची (Bibliography/References)

1. भारत सरकार, जल शक्ति मंत्रालय – जल संसाधन परियोजनाएँ, https://www.jalshakti-dowr.gov.in/
2. टिहरी हाइड्रो डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (THDC) – आधिकारिक वेबसाइट, https://thdc.co.in/en
3. एनसीईआरटी भूगोल की पाठ्यपुस्तकें (कक्षा 9–12)
4. Down To Earth पत्रिका – टिहरी बाँध परियोजना पर विशेष लेख, https://www.downtoearth.org.in/environment/tehri-hanging-over-troubled-waters-29733
5. Britannica. (2024). *Tehri Dam*. Encyclopaedia Britannica, http://britannica.com/topic/Tehri-Dam
6. Environmental aspects tehri dam final, https://www.slideshare.net/slideshow/environmental-aspects-tehri-dam-final/53747850
7. S K Verma *et al* 2022 *IOP Conf. Ser.: Earth Environ. Sci.* **1032** 012020, **DOI** 10.1088/1755-1315/1032/1/012020

ई-विज्ञानम

खंड ३, अंक १, मार्च –२०२६
ई–विज्ञानम
मासिक विज्ञान पत्रिका

Vol. 3, Issue 1, March-2026
e-vigyanam
Monthly Science Journal

आमंत्रित आलेख (Invited Article)

DOI: 10.66346/ev.v3i1.2026.4

COVID-19 के कारण लॉकडाउन से पहले और उसके दौरान परिवेशी वायु की गुणवत्ता का विश्लेषण: हापुड़ (NCR नगर), उत्तर प्रदेश - एक केस अध्ययन

संगीता अग्रवाल*, मानवेन्द्र सिंह बघेल
रसायन विज्ञान विभाग, श्री सरस्वती विद्यालय, हापुड़ रोड, रफीक नगर, उत्तर प्रदेश, भारत-245101
लेखक से संवाद के लिए ईमेल*- sagarwal.chem@gmail.com

आलेख प्राप्त: १३ जून २०२६; अंतिम संशोधन: २६ जून २०२६; स्वीकृत: ३० जून २०२६
प्रथम ऑनलाइन प्रकाशित: ३० जून २०२६

सारांश

प्रस्तुत अध्ययन दिल्ली के पास स्थित हापुड़ में परिवेशी वायु की गुणवत्ता की प्रवृत्ति का विश्लेषण करता है। इसमें अलग-अलग लॉकडाउन अवधि के दौरान कणिकीय पदार्थ-2.5(PM2.5 – Particulate Matter 2.5), कणिकीय पदार्थ-10(PM10), कार्बन मोनोऑक्साइड (CO), सल्फर डाइऑक्साइड (SO_2) और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड (NO_2) जैसे प्रदूषकों के स्तरो की तुलना कोविड-19 लॉकडाउन से पहले और उसके दौरान लॉकडाउन अवधि से की गई है। प्रदूषकों का प्रतिदिन का डेटा (घंटे के औसत के आधार पर) दिल्ली में के०प्र०नि०बो०(CPCB) की वेबसाइट से लिया गया था। यह अध्ययन मुख्य रूप से वायु के प्रदूषण और वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) पर ध्यान केन्द्रित करती है। इसमें लॉकडाउन से पहले की अवधि (01 मार्च 2020 से 22 मार्च 2020, जिसमें जनता निषेधाज्ञा(Curfew) का एक दिन यानी 22 मार्च 2020 शामिल है), पहला लॉकडाउन (25 मार्च 2020 - 13 अप्रैल 2020), दूसरा लॉकडाउन (15 अप्रैल 2020 – 03 मई 2020), तीसरा लॉकडाउन (04 मई 2020 – 17 मई 2020) और चौथा लॉकडाउन (18 मई 2020 – 31 मई 2020) शामिल हैं। लॉकडाउन से पहले के 21 दिनों की तुलना में पहले और चौथे लॉकडाउन के दौरान वायु की गुणवत्ता में काफी सुधार हुआ। 22 मार्च 2020 को, यानी जनता निषेधाज्ञा(Curfew) वाले दिन, हापुड़ में वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) सामान्य श्रेणी (Moderate) का था, जो बाद के लॉकडाउन में भी सामान्य ही रहा और धीरे-धीरे उसमें सुधार हुआ। लॉकडाउन से पहले और लॉकडाउन 1, 2, 3, 4 के दौरान कणिकीय पदार्थ-2.5 की मात्रा का दायरा क्रमशः 14–98 $\mu g/m^3$, 19–60 $\mu g/m^3$, 18-74 $\mu g/m^3$, 22–65 $\mu g/m^3$ और 13–73 $\mu g/m^3$ दर्ज किया गया। लॉकडाउन से पूर्व और लॉकडाउन 1, 2, 3, 4 के दौरान कणिकीय पदार्थ-10 सांद्रता की सीमा क्रमशः 22-211 $\mu g/m^3$, 36-222 $\mu g/m^3$, 62-310 $\mu g/m^3$, 73-220 $\mu g/m^3$ और 18-232 $\mu g/m^3$ दर्ज की गई। लॉकडाउन से पूर्व और लॉकडाउन 1, 2, 3, 4 के दौरान SO_2 सांद्रता की सीमा क्रमशः 1-16 $\mu g/m^3$, 6-11 $\mu g/m^3$, 4-13 $\mu g/m^3$, 3-11 $\mu g/m^3$ और 2-7 $\mu g/m^3$ दर्ज की गई। लॉकडाउन से पूर्व और लॉकडाउन 1, 2, 3, 4 के दौरान NO_2 सांद्रता की सीमा क्रमशः 35-72 $\mu g/m^3$, 42-69 $\mu g/m^3$, 42-67 $\mu g/m^3$, 45-63 $\mu g/m^3$ और 48-69 $\mu g/m^3$ दर्ज की गई। 8 घंटे के CO सांद्रता का विश्लेषण किया गया और पाया गया कि यह मानक सीमा से अधिक था। यह सीमा 0% (चौथे लॉकडाउन में 16:00 से 24:00 बजे के बीच) से लेकर 48% (पहले लॉकडाउन में 00:00 से 08:00 बजे के बीच) तक थी। लॉकडाउन के कारण कणिकीय पदार्थ के संघटन (Composition) में बारीक कणों के असर का विश्लेषण करने के लिए PM2.5 और PM10 का अनुपात भी निकाला गया, जो 0.3 से 0.6 के बीच पाया गया। मुख्य बात यह है कि इस अध्ययन में शामिल दूसरे समय की तुलना में लॉकडाउन-1 के दौरान सभी प्रदूषकों का स्तर काफी कम रहा। इस केस अध्ययन से पता चला कि गाड़ियों की संचालन, उद्योग(इंडस्ट्री), निर्माण और तोड़-फोड़ के कामों, बायोमास और बहुत ज़्यादा चीज़ें जलाने और सड़क की धूल से होने वाला प्रदूषण वायु की गुणवत्ता को काफ़ी खराब कर देता है। लॉकडाउन की पाबंदियों की वजह से इन गतिविधियों पर रोक लगी और परिणामस्वरूप वायु की गुणवत्ता में सुधार हुआ। देशव्यापी लॉकडाउन के दौरान दुनिया भर में वायु की गुणवत्ता अच्छी देखी गई। प्रदूषण को कम करने या उससे निपटने के लिए दिन भारी गाड़ियों पर रोक, एक दिन कारों पर रोक, सम-विषम(Odd-Even) जैसे नियम लागू करना, प्राइवेट गाड़ियों के बजाय सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देना, अन्य वाहनों के इस्तेमाल को बढ़ावा देना, सड़कों की वैक्यूम क्लीनिंग करना, कंस्ट्रक्शन/तोड़-फोड़ के कामों से धूल उड़ने से रोकना और कचरे व पेड़-पौधों की पत्तियों को जलाने पर पूरी तरह रोक लगाना जैसे कदम भी उठाए जा सकते हैं।

सूचक शब्द - कणिकीय पदार्थ, जनता कर्फ्यू, कोविड-19, लॉकडाउन, वायु की गुणवत्ता, वायु गुणवत्ता सूचकांक, वायु

खंड ३, अंक १, मार्च –२०२६
ई–विज्ञानम
मासिक विज्ञान पत्रिका

Vol. 3, Issue 1, March-2026
e-vigyanam
Monthly Science Journal

आमंत्रित आलेख (Invited Article)

DOI: 10.66346/ev.v3i1.2026.4

Green-Synthesized ZnO Nanoparticles from Dahlia pinnata Leaf Extract: Structural, Optical, and Capillary-Driven Fluid Transport Studies under Variable Temperature Conditions

Sangeeta Agrawal*, Manvendra Singh Baghel
Department of Chemistry, Shri Saraswati Vidyalaya, Hapur Road, Rafiq Nagar, Uttar Pradesh, India-245101

Corresponding Author Email*: sagarwal.chem@gmail.com

Received On: 13 Jun 2026; Final Revision: 29 Jun 2026; Accepted On: 30 Jun 2026
Published Online First: 30 Jun 2026

ABSTRACT

The present study analyzes the trend of ambient air quality in Hapur, located near Delhi. It compares the levels of major air pollutants, including Particulate Matter-2.5 (PM2.5), Particulate Matter-10 (PM10), Carbon Monoxide (CO), Sulfur Dioxide (SO_2), and Nitrogen Dioxide (NO_2), during different phases of the COVID-19 lockdown with the pre-lockdown period. Daily pollutant data (based on hourly averages) were obtained from the Central Pollution Control Board (CPCB), Delhi. The study primarily focuses on air pollution and the Air Quality Index (AQI). The analysis includes the pre-lockdown period (1 March 2020 to 22 March 2020, including the one-day Janata Curfew on 22 March 2020), Lockdown Phase I (25 March 2020–13 April 2020), Phase II (15 April 2020–3 May 2020), Phase III (4 May 2020–17 May 2020), and Phase IV (18 May 2020–31 May 2020).

Compared with the 21-day pre-lockdown period, air quality improved significantly during the first and fourth phases of the lockdown. On 22 March 2020, the day of the Janata Curfew, the Air Quality Index (AQI) in Hapur was in the Moderate category, and it remained in the same category during the subsequent lockdown phases while showing gradual improvement. The concentration ranges of PM2.5 during the pre-lockdown period and Lockdown Phases I, II, III, and IV were recorded as 14–98 $\mu g/m^3$, 19–60 $\mu g/m^3$, 18–74 $\mu g/m^3$, 22–65 $\mu g/m^3$, and 13–73 $\mu g/m^3$, respectively. Similarly, the PM10 concentration ranges were 22–211 $\mu g/m^3$, 36–222 $\mu g/m^3$, 62–310 $\mu g/m^3$, 73–220 $\mu g/m^3$, and 18–232 $\mu g/m^3$, respectively. The SO_2 concentration ranges were 1–16 $\mu g/m^3$, 6–11 $\mu g/m^3$, 4–13 $\mu g/m^3$, 3–11 $\mu g/m^3$, and 2–7 $\mu g/m^3$, respectively, while the NO_2 concentration ranges were 35–72 $\mu g/m^3$, 42–69 $\mu g/m^3$, 42–67 $\mu g/m^3$, 45–63 $\mu g/m^3$, and 48–69 $\mu g/m^3$, respectively.

यदि इसे विद्यालयी एवं उच्च शिक्षा के पाठ्यक्रम में समुचित रूप से सम्मिलित किया जाए, तो यह गणित शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने के साथ-साथ विद्यार्थियों के समग्र बौद्धिक विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची (Bibliography/References)

1. Bharati Krishna Tirthaji Maharaja. (2016). *Vedic mathematics: Sixteen simple mathematical formulae from the Vedas* (Reprint ed.). Motilal Banarsidass Publishers.
2. Boyer, C. B., & Merzbach, U. C. (2011). *A history of mathematics* (3rd ed.). John Wiley & Sons.
3. Burton, D. M. (2011). *The history of mathematics: An introduction* (7th ed.). McGraw-Hill.
4. Indian Knowledge Systems Division. (2020). *Indian knowledge systems*. All India Council for Technical Education. https://iksindia.org/
5. Joseph, G. G. (2011). *The crest of the peacock: Non-European roots of mathematics* (3rd ed.). Princeton University Press.
6. Kandasamy, W. B. V., & Smarandache, F. (2007). *Vedic mathematics: "Vedic" or "mathematics"—A fuzzy and neutrosophic analysis*. Hexis.
7. Ministry of Education, Government of India. (2020). *National Education Policy 2020*. Government of India. https://www.education.gov.in/sites/upload_files/mhrd/files/NEP_Final_English_0.pdf
8. National Council of Educational Research and Training. (2023). *National curriculum framework for school education 2023*. NCERT.
9. Coutinho, S. C. (2011). Mathematics in India: Mathematics in India, by Plofker Kim. Pp. 384. $ 39.50. 2009. ISBN: 978-0-691-12067-6 (Princeton University Press). *The Mathematical Gazette*, *95*(532), 152–154. https://doi.org/10.1017/S0025557200002679
10. Rao, S. B. (2005). *Indian mathematics and astronomy: Some landmarks*. Bharatiya Vidya Bhavan.
11. Yasir, Y., Hussain, A., Khan, H., & Kania, N. (2026). Impact of Vedic mathematics on students' performance. *International Journal of Applied Learning and Research in Algebra, 3*(1), 13–27. https://doi.org/10.56855/algebra.v3i1.1789

खंड ३, अंक १, मार्च –२०२६
ई–विज्ञानम
मासिक विज्ञान पत्रिका

Vol. 3, Issue 1, March-2026
e-vigyanam
Monthly Science Journal

लघु आलेख (Short Article)

DOI: 10.66346/ev.v3i1.2026.7

मार्च माह 2026 की महत्वपूर्ण वैज्ञानिक घटनाएं

अवनीश मिश्रा*, अभिषेक प्रजापति, अभिषेक कुमार सरोज
भौतिकी एवं पदार्थ विज्ञान विभाग, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर, उ०प्र०, भारत-273010
लेखक से संवाद के लिए ईमेल*- avanishmishra7376@gmail.com

आलेख प्राप्त: २३ जून २०२६; स्वीकृत: २८ जून २०२६
प्रथम ऑनलाइन प्रकाशित: २८ जून २०२६

सारांश

मार्च 2026 विज्ञान, प्रौद्योगिकी, रक्षा तथा अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण घटनाओं और उपलब्धियों का साक्षी रहा। इस लेख में मार्च 2026 के दौरान घटित प्रमुख वैज्ञानिक, खगोलीय, जैव-चिकित्सीय तथा रक्षा-संबंधी विकासों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया गया है। इस अवधि में पूर्ण चंद्र ग्रहण, शुक्र-शनि युति, मार्च विषुव तथा अन्य उल्लेखनीय खगोलीय घटनाओं ने वैज्ञानिक समुदाय और आम जनमानस का ध्यान आकर्षित किया। जीवविज्ञान एवं चिकित्सा के क्षेत्र में प्रयोगशाला में विकसित ग्रासनली के सफल परीक्षण तथा क्लोनिंग अनुसंधान में नई जानकारियों ने चिकित्सा विज्ञान की संभावनाओं को विस्तृत किया। भौतिकी एवं कण अनुसंधान में नए उप-परमाणु कणों की खोज तथा प्रतिपदार्थ संबंधी परीक्षणों ने वैज्ञानिक प्रगति को नई दिशा प्रदान की। इसके अतिरिक्त भारत ने रक्षा क्षेत्र में 'विजन 2047', रिकॉर्ड रक्षा निर्यात, उन्नत रक्षा अधिग्रहण तथा स्वदेशी मिसाइल एवं तकनीकी परीक्षणों के माध्यम से अपनी रणनीतिक और तकनीकी क्षमताओं को सुदृढ़ किया। विज्ञान सम्मेलनों, विज्ञान कार्निवलों तथा विश्व जल दिवस जैसे आयोजनों ने वैज्ञानिक जागरूकता और नवाचार को बढ़ावा दिया। यह अध्ययन दर्शाता है कि मार्च 2026 का महीना विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में वैश्विक और राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण उपलब्धियों तथा प्रगतिशील पहलों से परिपूर्ण रहा।

सूचक शब्द - वैज्ञानिक घटनाएँ, खगोलीय घटनाएँ, पूर्ण चंद्र ग्रहण, वर्म मून, मार्च विषुव, भौतिकी, प्रतिपदार्थ, रक्षा प्रौद्योगिकी रक्षा निर्यात, मिसाइल परीक्षण, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी।

खंड ३, अंक १, मार्च –२०२६
ई–विज्ञानम
मासिक विज्ञान पत्रिका

Vol. 3, Issue 1, March-2026
e-vigyanam
Monthly Science Journal

लघु आलेख (Short Article)

DOI: 10.66346/ev.v3i1.2026.7

Important Scientific Events of March 2026

Avanish Mishra*, Abhishek Prajapati, Abhishek kumar Saroj,
Department of Physics and Material Science, Madan Mohan Malaviya University of Technology
Gorakhpur, Uttar Pradesh, India – 273010
Corresponding Author Email*: avanishmishra7376@gmail.com

Received On: 23 June 2026; Accepted On: 28 June 2026
Published Online First: 28 June 2026

ABSTRACT

March 2026 witnessed numerous significant events and achievements in the fields of science, technology, defense, and space research. This article presents a concise overview of the major scientific, astronomical, biomedical, and defense-related developments that occurred during the month. Notable astronomical events, including the total lunar eclipse, the Venus–Saturn conjunction, the March equinox, and other celestial phenomena, attracted considerable attention from both the scientific community and the general public. In the fields of biology and medicine, the successful testing of a laboratory-grown esophagus and new findings in cloning research expanded the prospects of medical science. Advances in physics and particle research, including the detection of new subatomic particles and preliminary studies on antimatter stability, opened new avenues for scientific exploration. Furthermore, India strengthened its strategic and technological capabilities through initiatives such as "Vision 2047," record-breaking defense exports, major defense acquisitions, and indigenous missile and technology tests. Scientific conferences, science carnivals, and observances such as World Water Day contributed to the promotion of scientific awareness and innovation. Overall, this study highlights that March 2026 was marked by significant achievements and progressive initiatives at both national and global levels in the domains of science and technology.

Keywords: Scientific Events, Astronomical Events, Total Lunar Eclipse, Worm Moon, March Equinox, Physics, Antimatter, Defense Technology, Defense Exports, Missile Testing, Science and Technology.

क्रम संख्या	माह	महत्त्वपूर्ण घटनाएं
1.	मार्च	**खगोलीय घटनाएँ** • **3 मार्च - पूर्ण चंद्र ग्रहण:** पूर्ण "वर्म मून" पृथ्वी की छाया से गुजरा, जिससे एक घंटे तक चलने वाला गहरा लाल रंग का ब्लड मून दिखाई दिया, जो उत्तरी अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और एशिया सहित दुनिया के अधिकांश हिस्सों में मौजूद था। • **8 मार्च - शुक्र-शनि का संयोजन:** पर्यवेक्षकों ने सूर्यास्त के तुरंत बाद पश्चिमी आकाश में नीचे की ओर, चमकीले शुक्र और शनि को मात्र 1 डिग्री की दूरी पर (हाथ की लंबाई पर एक उंगली की चौड़ाई के बराबर) बैठे हुए देखा। • **20 मार्च - मार्च विषुव:** यह घटना दोपहर 2:45 यूटीसी पर घटित होती है, जो उत्तरी गोलार्ध में वसंत ऋतु और दक्षिणी गोलार्ध में शरद ऋतु की खगोलीय शुरुआत का प्रतीक है, जिसमें पृथ्वी पर दिन और रात लगभग बराबर होते हैं। • **18 मार्च - त्रिपक्षीय सुबह का मिलन:** भोर से पहले दक्षिण-पूर्वी आकाश में एक पतले अर्धचंद्राकार चंद्रमा ने मंगल और बुध के साथ एक अद्भुत त्रिकोण बनाया। • **29 मार्च - रेगुलस का चंद्र ग्रहण:** चंद्रमा सिंह राशि के सबसे चमकीले तारे रेगुलस के सामने से गुजरा, जो एशिया, अफ्रीका और यूरोप के कुछ हिस्सों में दिखाई देने वाला एक सुंदर दृश्य था। • **अंतरिक्ष चिकित्सा अनुसंधान:** नासा ने आईएसएस पर चल रहे अध्ययनों पर प्रकाश डालते हुए व्यापक अपडेट जारी किए हैं - जो कैंसर के उपचार में सुधार के लिए सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण में स्टेम कोशिकाओं को विकसित करने पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित करते हैं। **जीवविज्ञान एवं चिकित्सा** • प्रयोगशाला में विकसित ग्रासनलीशोधकर्ताओं ने सफलतापूर्वक प्रयोगशाला में विकसित ग्रासनली को पशु मॉडलों में बनाया और उसका परीक्षण किया, जिससे यह प्रदर्शित हुआ कि यह अंग के हिस्सों को सुरक्षित रूप से प्रतिस्थापित करने और प्रतिरक्षा दमन के बिना कार्यक्षमता को बहाल करने में सक्षम है । • क्लोनिंग में डीएनए की सीमाएं: चूहों पर किए गए एक जापानी अध्ययन में पाया गया कि संचित संरचनात्मक डीएनए उत्परिवर्तनों के कारण एक ही दाता से बार-बार क्लोनिंग 58 पीढ़ियों तक ही सीमित है। **तकनीक और स्वास्थ्य** • **NavIC उपग्रह उपलब्धि:** भारत की क्षेत्रीय उपग्रह नेविगेशन प्रणाली, विशेष रूप से 2016 में लॉन्च किए गए IRNSS-1F उपग्रह ने अपना कार्यात्मक जीवनकाल पूरा कर लिया है, जो ISRO द्वारा नियोजित स्वदेशी परमाणु घड़ी उन्नयन की आवश्यकता पर बल देता है। • **विश्व गुर्दा दिवस (12 मार्च):** वैश्विक स्वास्थ्य संगठनों ने "सभी के लिए गुर्दा स्वास्थ्य - लोगों की देखभाल, ग्रह की रक्षा" विषय पर ध्यान केंद्रित किया और प्रारंभिक निदान के लिए जागरूकता बढ़ाई। **भौतिकी और कण अनुसंधान** • कणों का पता लगाना: शोधकर्ताओं ने प्रमुख त्वरक संयंत्रों में नए, भारी कणों का पता लगाकर उप-परमाणु कण अनुसंधान में हुई प्रगति की जानकारी दी है। • प्रतिपदार्थ की स्थिरता: परिवहन के दौरान प्रतिपदार्थ की स्थिरता का मूल्यांकन करने के लिए प्रारंभिक परीक्षण किए गए। **पृथ्वी और जलवायु** • **विश्व सतत विकास शिखर सम्मेलन (मार्च की शुरुआत में):** दिल्ली में आयोजित इस शिखर सम्मेलन में विशेषज्ञों और प्रतिनिधियों ने भारत के ऊर्जा परिवर्तन और नेट-जीरो लक्ष्यों को पूरा करने के लिए जलवायु कार्रवाई की रणनीतियों पर चर्चा की। • **विश्व जल दिवस (22 मार्च):** संयुक्त राष्ट्र ने इस दिन जल संबंधी समाधानों में महिलाओं और लड़कियों को प्रमुखता देकर मनाया, इस बात पर जोर देते हुए कि समावेशी निर्णय लेने से अधिक टिकाऊ जल प्रबंधन होता है। • **विश्व वानिकी एवं मौसम विज्ञान दिवस (21-23 मार्च):** मीठे पानी के संरक्षण, वन जैव विविधता और जलवायु परिवर्तन संबंधी उपायों पर प्रकाश डालने वाले प्रमुख वैश्विक कार्यक्रम। **मार्च 2026 की प्रमुख रक्षा और प्रौद्योगिकी घटनाएं** मार्च 2026 में रक्षा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां और नीतिगत घोषणाएं हुईं, जो भारत की स्वदेशी क्षमताओं और रणनीतिक आधुनिकीकरण पर केंद्रित रहीं। 1. **रक्षा बलों के लिए विजन 2047:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 10 मार्च 2026 को 'रक्षा बलों के लिए विजन 2047: भविष्य के लिए तैयार भारतीय सेना का रोडमैप' जारी किया। इसका उद्देश्य 2047 तक सेना को आधुनिक, एकीकृत और तकनीकी रूप से उन्नत बनाना है।

2. **राष्ट्रीय रक्षा उद्योग सम्मेलन (NDIC 2026):** 19-20 मार्च 2026 को नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में इस सम्मेलन का आयोजन किया गया। रक्षा उत्पादन विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य फोकस 'उन्नत विनिर्माण प्रौद्योगिकी' और रक्षा विनिर्माण में MSMEs (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) को एकीकृत करना था।
3. **रक्षा निर्यात में भारी उछाल:** सरकार द्वारा जारी आंकड़ों में बताया गया कि वित्त वर्ष के दौरान भारत का रक्षा निर्यात ₹38,424 करोड़ ($4.1 बिलियन) के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 60% से अधिक की वृद्धि है।
4. **रक्षा खरीद बोर्ड की नई स्वीकृतियां:** रक्षा अधिग्रहण परिषद (DAC) ने वायु रक्षा, संचार, निगरानी और विमानन क्षेत्रों में लगभग ₹2.38 लाख करोड़ (लगभग $25 बिलियन) के खरीद प्रस्तावों की स्वीकृति दी, जिसमें S-400 प्रणाली की अतिरिक्त खरीद और स्टील्थ ड्रोन शामिल हैं।
5. **मिसाइल एवं तकनीक परीक्षण:** DRDO ने स्वदेशीकरण को बढ़ावा देते हुए मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल (MIRV) तकनीक वाली अग्नि मिसाइल और 'तारा' (Tara) ग्लाइड हथियार प्रणाली का परीक्षण कर भारत की रणनीतिक मारक क्षमता को और मजबूत किया।
6. **भारत-कनाडा रक्षा वार्ता:** भारत और कनाडा के बीच नई दिल्ली में औपचारिक रक्षा वार्ता का शुभारंभ हुआ।
7. **रक्षा अधिग्रहण परिषद (DAC) द्वारा रिकॉर्ड स्वीकृतियां:**

- **₹2.38 लाख करोड़ के सौदे:** 27 मार्च 2026 को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में DAC ने सेना और वायु सेना के लिए अब तक के सबसे बड़े खरीद प्रस्तावों को मंज़ूरी दी।
- **प्रमुख सौदे:** इनमें S-400 वायु रक्षा प्रणाली, 300 धनुष तोपखाने प्रणाली, और स्वदेशी घातक स्टील्थ मानवरहित लड़ाकू हवाई वाहन (UAV) शामिल हैं।

8. **रक्षा विनिर्माण और तकनीक सम्मेलन:**

- **राष्ट्रीय रक्षा उद्योग सम्मेलन (NDIC):** 19-20 मार्च 2026 को नई दिल्ली में आयोजित इस सम्मेलन का मुख्य विषय 'उन्नत विनिर्माण प्रौद्योगिकी' था। इसका उद्देश्य MSMEs और स्टार्टअप्स को रक्षा उत्पादन तंत्र से जोड़ना था।
- **पुस्तकें और फ्रेमवर्क लॉन्च:** इसी कार्यक्रम में रक्षा उत्पादन विभाग द्वारा 'SAMARTHYA 2026' और 'AI Maturity Assessment Model' जैसी 5 महत्वपूर्ण नीतियां और मार्गदर्शिकाएं जारी की गईं।

9. **अंतर्राष्ट्रीय रक्षा सहयोग और निर्यात:**

- **रूस और अमेरिका के साथ रक्षा सौदे:** भारत ने 27 मार्च 2026 को रूस के साथ Tunguska Air Defence Missile System और अमेरिका के साथ नौसेना के P8I टोही विमानों के रखरखाव के लिए ₹858 करोड़ के अनुबंध किए।
- **बढ़ता रक्षा निर्यात:** मार्च 2026 में समाप्त हुए वित्त वर्ष में भारत का रक्षा निर्यात ₹38,424 करोड़ ($4.1 बिलियन) के पार पहुंच गया, जो कि एक रिकॉर्ड वृद्धि है।

10. **'विजन 2047' का अनावरण:**

- 10 मार्च 2026 को रक्षा बलों को आधुनिक और एकीकृत बनाने के उद्देश्य से 'रक्षा बलों के लिए विजन 2047: भविष्य के लिए तैयार भारतीय सेना का रोडमैप' जारी किया गया।

11. **डीआरडीओ (DRDO) की प्रमुख उपलब्धियां:**

- **CEPTAM-11 परीक्षा:** DRDO ने सीनियर टेक्निकल असिस्टेंट और टेक्नीशियन (764 पद) के लिए 23 मार्च 2026 को परीक्षा आयोजित की।
- **चिकित्सा के क्षेत्र में विश्व रिकॉर्ड:** आर्मी अस्पताल ने 10 मार्च 2026 को दृष्टिबाधित (Glaucoma) के इलाज हेतु मोतियाबिंद के साथ पहली बार Hydrus Microstent के प्रत्यारोपण का विश्व-प्रथम सफल ऑपरेशन किया।

मार्च 2026 की प्रमुख वैज्ञानिक घटनाएँ

- **6 मार्च** – वैज्ञानिकों ने निकटवर्ती लाल बौने तारे GJ 887 के चारों ओर घूमने वाले सुपर-अर्थ ग्रह GJ 887 d की खोज की घोषणा की। यह ग्रह अपने तारे के रहने योग्य क्षेत्र में स्थित है और पृथ्वी से लगभग 10.7 प्रकाश-वर्ष दूर है। इसी दिन, ब्रिटेन के सर्जनों ने जिब्राल्टर में मौजूद एक मरीज पर लगभग 1,500 मील दूर से रोबोटिक तकनीक की सहायता से सफल शल्य चिकित्सा की।
- **9 मार्च** – एक नए अध्ययन में पाया गया कि हाल के वर्षों में वैश्विक तापमान वृद्धि की रफ्तार बढ़ी है। शोधकर्ताओं के अनुसार, यदि वर्तमान प्रवृत्ति जारी रहती है, तो वैश्विक तापमान वृद्धि 1.5°C की सीमा को 2030 से पहले ही पार कर सकती है।
- **10 मार्च** – एबरडीन खाड़ी में समुद्री पवन टरबाइनों के आसपास पक्षियों की गतिविधियों पर किए गए अध्ययन में कोई पुष्ट टकराव दर्ज नहीं हुआ। परिणामों से संकेत मिला कि पक्षी आमतौर पर टरबाइनों से बचने का व्यवहार प्रदर्शित करते हैं।

		• **11 मार्च** – दो स्वतंत्र अध्ययनों ने निष्कर्ष निकाला कि पृथ्वी की जलवायु को स्थिर बनाए रखने के लिए लंबे समय तक शुद्ध नकारात्मक उत्सर्जन आवश्यक होगा। इसी दिन खगोलविदों ने एक दूरस्थ तारा प्रणाली में दो ग्रहों के संभावित टकराव के संकेत भी प्रस्तुत किए। • **12 मार्च** – शोधकर्ताओं ने पहली बार लिथियम बैटरियों में बनने वाले डेंड्राइट्स के यांत्रिक गुणों का प्रत्यक्ष अध्ययन किया। इस शोध से बैटरियों में होने वाले शॉर्ट सर्किट और सुरक्षा संबंधी जोखिमों को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिली। • **18 मार्च** – क्वांटम सूचना विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए चार्ल्स एच. बेनेट और गिल्स ब्रासार्ड को 2025 का ट्यूरिंग पुरस्कार प्रदान किया गया। • **20 मार्च** – वैज्ञानिकों ने प्रयोगशाला में विकसित पहली कृत्रिम ग्रासनली तैयार करने में सफलता प्राप्त की। परीक्षणों से पता चला कि यह अंग सामान्य निगलने की क्षमता को बहाल कर सकता है और प्रतिरक्षा-दमनकारी दवाओं की आवश्यकता नहीं पड़ती। • **24 मार्च** – इतिहास में पहली बार एंटीमैटर कणों को सड़क मार्ग से सुरक्षित रूप से एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुँचाया गया। इसी दिन प्रकाशित एक दीर्घकालिक अध्ययन में पाया गया कि चूहों की लगातार क्लोनिंग कई पीढ़ियों के बाद आनुवंशिक क्षति के कारण सीमित हो जाती है। • **25 मार्च** – खगोलविदों ने 45 ऐसे निकटवर्ती एक्सोप्लैनेटों की सूची तैयार की जो जीवन की संभावना के दृष्टिकोण से सबसे उपयुक्त माने जाते हैं और भविष्य के अवलोकनों के लिए प्राथमिक लक्ष्य होंगे। • **27 मार्च** – ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के नेतृत्व में वैज्ञानिकों ने मधुमक्खियों के पोषण को बेहतर बनाने के लिए एक नई जैव-प्रौद्योगिकी विकसित की। संशोधित खमीर से प्राप्त पोषक तत्वों ने मधुमक्खी कॉलोनियों के विकास में उल्लेखनीय वृद्धि दिखाई। • **अंतरिक्ष विज्ञान सप्ताह 2026:** राष्ट्रीय अकादमियों द्वारा आयोजित इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में नवीनतम ग्रहीय खोजों, खगोल भौतिकी और अंतरिक्ष अन्वेषण पर चर्चा करने के लिए विशेषज्ञ, शोधकर्ता और नीति निर्माता एकजुट हुए। • **विश्व जल दिवस:**22 मार्च **को विश्व स्तर पर मनाया जाने वाला** यह आयोजन मीठे पानी के संसाधनों के सतत प्रबंधन को बढ़ावा देने और वैश्विक जल संकटों के समाधान पर केंद्रित है। • **गुजरात साइंस सिटी में विज्ञान कार्निवल:**27 से 29 मार्च तक **आयोजित** इस आकर्षक सार्वजनिक उत्सव में अनुभवात्मक STEM गतिविधियाँ, लाइव प्रदर्शन और इंटरैक्टिव विज्ञान खोजें प्रस्तुत की गईं। • **राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र के कार्यक्रम:** नई दिल्ली स्थित केंद्र ने कई शैक्षिक पहलों की मेजबानी की, जिनमें **25 मार्च**को शहर स्तरीय विज्ञान मेला और 28 और 29 मार्च **को नवाचार महोत्सव** शामिल हैं। • **भारत में जैव विज्ञान सम्मेलन:** पूरे महीने में कई विशिष्ट अनुसंधान बैठकें आयोजित की गईं, जैसे कि *आरएनए संशोधन और जीनोम विनियमन पर राष्ट्रीय सम्मेलन* (**25-26 मार्च**) और *18वीं युवा शोधकर्ता बैठक 2026* (**2-6 मार्च**)।

निष्कर्ष (Conclusion)

मार्च 2026 विज्ञान, प्रौद्योगिकी, रक्षा तथा अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियों और महत्वपूर्ण घटनाओं का साक्षी रहा। पूर्ण चंद्र ग्रहण, वर्म मून तथा मार्च विषुव जैसी खगोलीय घटनाओं ने खगोल विज्ञान के प्रति जनसामान्य और वैज्ञानिक समुदाय की रुचि को बढ़ावा दिया। जीवविज्ञान, चिकित्सा, भौतिकी तथा कण अनुसंधान के क्षेत्रों में हुई प्रगति ने वैज्ञानिक ज्ञान के विस्तार और नई संभावनाओं के विकास का मार्ग प्रशस्त किया। साथ ही, भारत ने रक्षा आधुनिकीकरण, स्वदेशी तकनीकी विकास, मिसाइल परीक्षणों तथा रिकॉर्ड रक्षा निर्यात के माध्यम से अपनी रणनीतिक और तकनीकी क्षमता को और अधिक सुदृढ़ किया। विभिन्न वैज्ञानिक सम्मेलनों, विज्ञान मेलों तथा जन-जागरूकता कार्यक्रमों ने अनुसंधान, नवाचार और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित किया। समग्र रूप से, मार्च 2026 की घटनाएँ यह दर्शाती हैं कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में निरंतर प्रगति मानव कल्याण, राष्ट्रीय विकास और वैश्विक सहयोग के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए अनुसंधान, नवाचार और वैज्ञानिक शिक्षा में सतत निवेश भविष्य की चुनौतियों का सामना करने और सतत विकास सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है।

संदर्भ ग्रंथ सूची (Bibliography/References)

1. http://www.seasky.org/astronomy/astronomy-calendar-2026.html
2. https://www.svbony.com/blog/astronomical-events-in-march-2026?srsltid=AfmBOooXoQXDXKLtVDbXB5kIQjckSYFAUvvcjqvV3IeU8outbrQUGMHB
3. https://en.wikipedia.org/wiki/2026_in_science
4. https://wsds.teriin.org/2026/
5. https://www.youtube.com/watch?v=MAFdj6B3GRY&t=19s
6. https://www.pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=2237432&reg=48&lang=2
7. https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=2246125&reg=48&lang=2
8. https://ssbcrackexams.com/monthly-defence-current-affairs-march-2026/
9. https://www.ikigailaw.com/article/674/defence-dispatch---march-2026
10. https://srijandefence.gov.in/CMM/AboutTheEvent.aspx
11. https://en.wikipedia.org/wiki/2026_in_science
12. https://drdo.gov.in/drdo/sites/default/files/drdo_news/NPC12March2026.pdf
13. https://www.drishtiias.com/images/pdf/Saraansh%20March%202026%201.pdf
14. https://www.vedantu.com/blog/celebrating-world-water-day

खंड ३, अंक १, मार्च –२०२६
ई–विज्ञानम
मासिक विज्ञान पत्रिका

Vol. 3, Issue 1, March-2026
e-vigyanam
Monthly Science Journal

आमंत्रित आलेख (Invited Article)

DOI: 10.66346/ev.v3i1.2026.8

रामन के जर्मन सम्बन्ध

देवेंद्र नाथ त्रिपाठी
नेशनल पी० जी० कालेज बड़हलगंज गोरखपुर
लेखक से संवाद के लिए ईमेल*- dntripathi.gkp@gmail.com

आलेख प्राप्त: २७ जून २०२६; स्वीकृत: २६ जून २०२६
प्रथम ऑनलाइन प्रकाशित: २६ जून २०२६

सारांश

सर सी0वी0रामन का जर्मनी के साथ एक जटिल और महत्वपूर्ण सम्बन्ध था, जिसमें प्रारंभिक बौद्धिक प्रभाव और वैज्ञानिक सहयोग से लेकर पेशेवर मतभेदों और नाजी शासन से भाग रहे जर्मन वैज्ञानिकों का समर्थन करना शामिल था। अपने कैरियर के आरम्भ में रामन जर्मन विज्ञान से बहुत प्रभावित थे। जर्मन भौतिक विज्ञानी हरमन वॉन हेल्महोल्ट्ज और उनकी पुस्तक **'द सेन्शेसन ऑफ टोन'** का उनपर बहुत गहरा प्रभाव था, जिसने ध्वनिकी और संगीत वाद्य यंत्रों के भौतिकी के क्षेत्र में रमन के प्रारंभिक शोध को आकार दिया। रामन जर्मन भाषा के पारंगत थे और अपने पूरे कैरियर के दौरान जर्मन वैज्ञानिकों के साथ संवाद करते रहे। संक्षेप में, जर्मनी के साथ रामन का सम्बन्ध उसकी वैज्ञानिक परम्परा के प्रति प्रशंसा, सक्रिय सहयोग, जर्मन वैज्ञानिकों के लिए मानवीय समर्थन और कठोर अकादमिक मतभेदों का मिश्रण था।

सूचक शब्द : ऑप्टिक्स, अधिस्वर, स्पेक्ट्रोस्कोपी, स्पेक्ट्रम, संनादी

खंड ३, अंक १, मार्च –२०२६
ई–विज्ञानम
मासिक विज्ञान पत्रिका

Vol. 3, Issue 1, March-2026
e-vigyanam
Monthly Science Journal

आमंत्रित आलेख (Invited Article)

DOI: 10.66346/ev.v3i1.2026.8

Raman's Relationship with Germany

Devendra Nath Tripathi
National P.G. College, Barhalganj, Gorakhpur
Corresponding Author Email*: dntripathi.gkp@gmail.com

Received on: 27 June 2026; Accepted: 29 June 2026
Published Online First on: 29 June 2026

ABSTRACT

C. V. Raman's relationship with Germany was complex and significant. It encompassed early intellectual influence and scientific collaboration, as well as professional disagreements and his support for German scientists fleeing the Nazi regime. Early in his career, Raman was deeply influenced by German science. The German physicist Hermann von Helmholtz and his book **On the Sensations of Tone** had a profound impact on him, shaping Raman's early research in acoustics and the physics of musical instruments. Raman was fluent in the German language and maintained communication with German scientists throughout his career. In short, Raman's relationship with Germany was a blend of admiration for its scientific tradition, active collaboration, humanitarian support for German scientists, and strong academic disagreements.

Keywords: Optics, Overtone, Spectroscopy, Spectrum, Harmonic

लेखक परिचय

देवेंद्र नाथ त्रिपाठी

डॉ. डी० एन० त्रिपाठी का जन्म सिद्धार्थनगर जनपद के बांसी तहसील में ०१.०२.१९५९ को हुआ। डॉ. त्रिपाठी की उच्च शिक्षा गोरखपुर विश्वविद्यालय में पूर्ण हुई। वर्ष १९७७ में एम०एस०सी० (भौतिकी) व वर्ष १९८१ में पीएच. डी. उपाधि प्राप्त की। शोध कार्य के लिए CSIR की जूनियर व सीनियर रिसर्च फेलोशिप प्राप्त की। १९ जुलाई १९८१ से बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुशीनगर में असिस्टैन्ट प्रोफेसर के रूप में कार्य प्रारम्भ। १९ जुलाई १९९४ से एसोसिएट प्रोफेसर के रूप में नियुक्त हुए । १३ दिसम्बर २००५ तक यहां सेवा करने के पश्चात् डी० ए० वी० पी० जी० कालेज गोरखपुर में स्थानान्तरित हुए। उ०प्र० उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग से चयनित होकर नेशनल पी. जी. कालेज बड़हलगंज गोरखपुर में अक्टूबर २०१० से प्राचार्य एवं प्रोफेसर के पद पर सेवा प्रदान किया एवं ३० जून २०१८ को सेवानिवृत्त हुए। अपने सेवा के प्रारंभिक वर्षों में विश्वविद्यालय अनुदान अयोग द्वारा अनुदानित चार शोध परियोजनाएं पूर्ण की। विजिटिंग एसोसिएट (यू० जी. सी० द्वारा अनुदानित) के रूप में तीन वर्षों तक विभिन्न विश्वविद्यालय/संस्थानों में शोध सम्बन्धी कार्य किया। कुल ८ शोध पत्र विभिन्न अन्तरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त जर्नल्स में प्रकाशित है। भौतिकी के सभी शाखाओं पर लिखित लगभग २५ पुस्तकें प्रकाशित की है। अनेक राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठीयों में सहभागिता किया है। आप हिंदी भाषा में विज्ञान लेखन एवं अध्ययन को बढ़ावा देने के लिए सतत प्रत्यनशील है।

रामन की पृष्ठभूमि:

चन्द्रशेखर वेंकटरामन भारत के महानतम् वैज्ञानिक थे। यहाँ हम उन परिस्थितियों की विवेचना करेगें जिसने उन्हें वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए अपना सारा जीवन समर्पित कर देने के लिए प्रेरित किया। इसके आधार पर ही रामन की साधना को हम सही रूप में समझ पायेगें।

चन्द्रशेखर वेंकट रामन ने **''रामन प्रभाव''** की खोज की और इस महान खोज के लिए 1930 में उन्हें भौतिकी का नोबेल पुरस्कार मिला। इसलिए रामन के प्रकाशिकी (ऑप्टिक्स) के क्षेत्र के अनुसंधान—कार्य की ही ज्यादा चर्चा होती है। मगर सच्चाई यह है कि रामन का आरंभिक खोजकार्य ध्वानिकी (एकाउस्टिक्स) से संबंधित है। उन्होने भारतीय संगीत और भारतीय वाद्यों का गहन अध्ययन किया था। वे स्वयं एक कुशल बीणा—वादक थे। उनकी पत्नी लोक सुन्दरी भी एक कुशल वीणा—वादक थीं। संगीत के प्रति रामन की यह रूझान पैतृक देन थी।

परंतु भारतीय संगीत—वाद्यों के प्रति उनका लगाव केवल रसास्वादन तक सीमित नहीं रहा। उन्होंने ध्वनिशास्त्र की दृष्टि से भारतीय वाद्यों का, विशेषकर तबला और मृदंग का, गहन अध्ययन किया और इनको बारे में नयी मान्यताएं प्रस्तुत की। यह सारा अनुसंधान—कार्य उन्होंने 1907 में सहायक महालेखापाल का सरकारी पद संभालने के बाद किया। रामन का यह अनुसंधान—कार्य इतना मौलिक और महत्वपूर्ण था कि इसी की महत्ता को पहचान कर सर आशुतोष मुखर्जी ने 1917 में उन्हें कलकत्ता विश्वविद्यालय के नए साइंस कॉलेज में भौतिकी का पालित प्राध्यापक बनने के लिए आमंत्रित किया था। ध्वनिशास्त्र के इसी अनुसंधान—कार्य के लिए लंदन की प्रख्यात रॉयल सोसायटी ने 1924 में रामन को अपना फैलो चुना था। रामन पहले विदेशी वैज्ञानिक थे जिनका **''संगीत—वाद्य और उनके स्वर''** विषयक एक लंबा लेख 1927 में जर्मनी के एक प्रख्यात विज्ञान—कोश **हांडवुख डेर फिजिक**[1] में प्रकाशित हुआ था। तात्पर्य यह कि, प्रकाशिकी के क्षेत्र में खोजकार्य करके **''रामन प्रभाव''** के लिए नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने के पहले ही रामन संगीत व वाद्ययंत्रों से संबंधित अपने अनुसंधान—कार्य के लिए जागतिक ख्याति अर्जित कर चुके थे।

जर्मन विज्ञान का प्रभाव :

संगीत के प्रति रामन की प्रीति पैतृक थी, मगर इस क्षेत्र में मौलिक अनुसंधान कार्य और विज्ञान की सेवा के लिए अपना समपूर्ण, जीवन समर्पित कर देने की प्रेरणा रामन को कहाँ से मिली?

इस प्रेरणा का स्रोत था एक जर्मन ग्रंथ—सुर का संवेदन। अंग्रेजी में **संसेशन ऑफ टोन**[2] शीर्षक से अनूदित इस ग्रंथ की रचना उन्नीसवीं सदी के महान जर्मन वैज्ञानिक हेरमान वॉन हेल्महोल्ट्ज (1821—94) ने 1862 में की थी। रामन के ही शब्दों में पढ़िए कि हेल्महोल्ट्ज की इस कृति ने उन्हें विद्यार्थी जीवन में कितना अधिक प्रभावित किया था।



हेल्महोल्ट्जः भौतिक शास्त्री और शरीर विज्ञानी

मैं हेरमान वॉन हेल्महोल्ट्ज को आधुनिक जगत की सर्वश्रेष्ठ विभूति मानता हूँ। जब मैं उनके ज्ञान—भंडार की गहराई और उनकी वैज्ञानिक दृष्टि की स्पष्टता एवं गहनता पर गौर करता हूं, तो वे मुझे अन्य सभी वैज्ञानिकों से, यहां तक कि आइजेक न्यूटन से भी, श्रेष्ठ प्रतीत होते हैं। उन्हें ठीक ही उन्नीसवीं

सदी की महान प्रतिभा माना जाता है। यह मेरा सौभाग्य था कि जब मैं अभी कालेज का विद्यार्थी ही था कि मुझे उनकी कृति **सुर का संवेदन** का अंग्रेजी अनुवाद पढ़ने का मौका मिला (बहुत संभव है कि यह पुस्तक रामन के संगीत–प्रेमी पिता के संग्रह में मौजूद रही हो)। जैसा कि सर्वविदित है, हेल्महोल्ट्ज की यह सर्वश्रेष्ठ कृति थी। इसमें संगीत और संगीत–वाद्यों का किया गया विवेचन, न केवल ज्ञान की दृष्टि से गहन है, बल्कि भाषा की दृष्टि से भी सुस्पष्ट है। मैंने स्वयं यह पुस्तक प्राप्त की और बड़ी लगन से इसका अध्ययन किया।

''यदि मैं कहूं कि इस ग्रंथ ने मेरे बौद्धिक दृष्टिकोण को बेहद प्रभावित किया, तो यह अतिशयोक्ति नहीं है। इस ग्रंथ को पढ़कर मैं पहली बार समझ पाया कि वैज्ञानिक अनुसंधान वस्तुतः क्या होता है और इसे किस तरह करना चाहिए। इस ग्रंथ से मैंने कई प्रकार की वैज्ञानिक समस्याओं का भी चयन किया, जिन्होंने मुझे आगे कई सालों तक व्यस्त रखा।''

भारत पर लंबे समय तक अंग्रेजों का शासन रहा है और यूरोप के आधुनिक विज्ञान का परिचय हम प्रमुखतः अंग्रेजी के माध्यम से ही प्राप्त करते आ रहे हैं, इसलिए यह स्वाभाविक ही है कि अंग्रेजीभाषी वैज्ञानिकों के बारे में हम अपेक्षाकृत ज्यादा जानते हैं। यूरोप के गैर–अंग्रेजी वैज्ञानिकों के बारे में हमारी जानकारी प्रायः अधूरी ही रह जाती है। विज्ञान के हमारे कितने विद्यार्थियों और अध्यापकों को जर्मन वैज्ञानिक हेल्महोल्ट्ज के महान कृतित्व की जानकारी है?

बहुतों को शायद इतना ही पता होगा कि रेडियो–तरंगों के आविष्कारक जर्मन वैज्ञानिक हेनरिंक हट्र्स (1857–94) हेल्महोल्ट्ज के शिष्य थे। ऐसी स्थिति में रामन का हेल्महोल्ट्ज को न्यूटन से भी श्रेष्ठ वैज्ञानिक मानना अनेकों को अतिशयोक्तिपूर्ण भी लग सकता है।

मगर रामन के कथन में कोई अतिशयोक्ति नहीं है। पढ़िए हेल्महोल्ट्ज के समकालीन महान आंग्ल–गणितज्ञ विलियम किंगडोन क्लिफोर्ड (1845–79) द्वारा प्रस्तुत उनका मूल्यांकनः[3,4]

''हेल्महोल्ट्ज ने सर्वप्रथम शरीर विज्ञान का अध्ययन आरंभ किया। उन्होनें आंख और कान का विच्छेदन करके जानने का प्रयास किया कि ये अवयव किस प्रकार काम करते हैं और इनकी रचना ठीक किस प्रकार की है। परंतु जब उन्हें पता चला कि प्रकाश और ध्वनि के स्वरूप को समझे बिना आंख व कान की कार्यविधि को ठीक से समझ पाना असंभव है, तब उन्होंने भौतिकी का अध्ययन आरम्भ कर दिया। भौतिकी का अध्ययन आरम्भ करने के पहले ही वे इस सदी के सर्वश्रेष्ठ शरीरविज्ञानी माने गए थे। और, अब उन्हें इस सदी का सर्वश्रेष्ठ भौतिकवेत्ता माना जाता है। फिर उन्हें पता चला कि गणित की गहरी जानकारी के बिना भौतिकी को ठीक से समझ पाना असंभव है। इसलिए उन्होंने गणित का गहन अध्ययन किया। और अब उन्हें इस सदी का एक सर्वश्रेष्ठ गणितज्ञ माना जाता है।''

हेल्महोल्ट्ज उन्नीसवीं सदी के यूरोपीय विज्ञान के शलाका पुरुष थे। उनके प्रयासों से जर्मन विज्ञान ने यूरोप में जो उच्च हैसियत हासिल की थी वह दूसरे महायुद्ध के आरम्भ तक कायम रही। दृष्टि और श्रवण–क्रिया से संबंधित हेल्महोल्ट्ज की मौलिक गवेषणाओं को आज भी महत्वपूर्ण माना जाता है। रामन की युवावस्था में हेल्महोल्ट्ज का केवल **सुर का संवेदन** ग्रंथ ही अंग्रेजी अनुवाद में उपलब्ध था। उनके दूसरे ग्रंथ **दृष्टि की दैहिकी** (द फिजिऑलॉजी ऑफ विजन) का तब तक अंग्रेजी में अनुवाद नहीं हुआ था। उस समय उस ग्रंथ को न पढ़ पाने का रामन को बड़ा अफसोस रहा।

हेल्महोल्ट्ज की भौतिकी के क्षेत्र की गवेषणाएं भी बड़ी महत्वपूर्ण हैं। 1847 में एरहाल्टुंग डेर शीर्षक से हेल्महोल्ट्ज की एक पुस्तिका प्रकाशित हुई।[5] इसमें उन्होंने क्राफ्ट ऊर्जा की अविनाशिता के सिद्धांत का प्रतिपादन किया। भौतिकी के इस आधारभूत सिद्धांत के अनुसार, विश्व की समस्त ऊर्जा की मात्रा, अपने विविध रूपांतरणों में, स्थिर बनी रहती है। गणित के क्षेत्र की भी हेल्महोल्ट्ज की गवेषणाएं इतनी महत्वपूर्ण हैं कि लोबाचेवसकी, बोल्याई तथा रीमान की तरह उन्हें भी अ–यूक्लिडीय ज्यामिति का एक संस्थापक माना जाता है। हेल्महोल्ट्ज ने हेनरिंक हर्त्स जैसे अपने अनेक शिष्यों को विज्ञान के क्षेत्र में खोजकार्य करने के लिए प्रेरित किया। हेल्महोल्ट्ज और रामन के बीच का दिक्काल का अंतर द्रोणाचार्य और एकलव्य के संबंध के रूप में फलित हुआ।

यूरोप में संगीत और संगीत–वाद्यों के वैज्ञानिक अध्ययन की परंपरा बहुत पुरानी है। प्राचीन युनान के प्रायः प्रत्येक गणितज्ञ ने संगीत के बारे में भी पुस्तक लिखी थी।[6,7] महान गणितज्ञ आयलर (1707–83) ने तंतु–वाद्यों का गणितीय अध्ययन प्रस्तुत किया था। प्राचीन भारत के सांस्कृतिक जीवन में संगीत–वाद्यों ने महान भूमिका अदा की, मगर हमारे यहां इन वाद्यों के जो विवरण उपलब्ध हैं वे इनके प्रयोगों तक ही सीमित हैं। रामन को लगा कि भारतीय संगीत–वाद्यों की विशेषताओं को समझने के लिए इनका वैज्ञानिक दृष्टि से अध्ययन करना जरूरी है। रामन को यह प्रेरणा हेल्महोल्ट्ज की कृति से मिली।

वैज्ञानिक आदान-प्रदान एवं मान्यता :

रामन ने ध्वनिकी का अपना अध्ययन तंत्री–वाद्यों से शुरू किया। उन्होंने वीणा और तानपुरा जैसे प्राचीन भारतीय तंत्री–वाद्यों में स्थापित किए जाने वाले वक्र मेरू (घोड़ी) की महत्ता को स्पष्ट किया। फिर उन्होंने वायलिन और सेलो – जैसे तंत्री–वाद्यों के बारे मे भी गणितीय सिद्धांत प्रस्तुत किए। वायलिन की ध्वनिकी से संबंधित रामन की गवेषणाएं इतनी महत्वपूर्ण हैं कि केवल इसी विषय पर अध्ययन के लिए समर्पित अमेरिका के काटगुट एकाउस्टिकल सोसायटी ने उन्हें अपना माननीय सदस्य चुन लिया था।

रामन के पहले यही समझा जाता था कि तबला और मृदंग – जैसे भारतीय आघात–वाद्य जो अधिस्वर पैदा करते हैं वे संनादी नहीं होते, इसलिए ये एक प्रकार से शोर करने वाले वाद्य हैं। मगर रामन ने सिद्ध कर दिखाया कि भारतीय तालवाद्य अपनी एक विशेषता के कारण, संगीतमय ध्वनि पैदा करने में समर्थ हैं। ये संगीतमय अधिस्वर तबला और मृदंग– जैसे वाद्यों के चमड़ों पर चिपकाई जाने वाली लेई के कारण पैदा होते हैं।

मैक्स वार्नः जर्मन वैज्ञानिक

रामन की ध्वनिकी के क्षेत्र की इन गवेषणाओं को बड़ी ख्याति मिली थी। इसलिए प्रसिद्ध जर्मन विज्ञान–कोश **हांडबुख डेर फिजिक** के लिए **''संगीत–वाद्य और उनके स्वर''** विषय पर एक विस्तृत लेख लिखने का उनसे अनुरोध किया गया था। उस समय (1927) रामन ध्वनिकी को छोड़कर प्रकाशिकी के अध्ययन में जुटे हुए थे। इसलिए उन्होंने सूर्योदय के पहले के घंटों में अतिरिक्त समय निकालकर कुछ दिनों में लेख तैयार कर लिया। रामन का अंग्रेजी में लिखा गया वह लेख जर्मन में अनुदित होकर प्रकाशित हुआ। रामन ने विद्यार्थी जीवन में हेल्महोल्ट्ज की एक कृति अंग्रेजी अनुवाद में पढ़ी थी। उस समय जर्मन न जानने के कारण हेल्महोल्ट्ज की दूसरी कृति को मूल में न पढ़ पाने का रामन को बड़ा अपफसोस रहा। मगर बाद में उन्होंने जर्मन भाषा सीख ली थी और वे जर्मन में लिखे गए शोध–निबंध मज़े से पढ़ लेते थे। जरूरत पड़ने पर वे जर्मन बोल भी लेते थे।



मैक्स प्लांक

एक बार का मज़ेदार किस्सा है। रामन पहली बार सोवियत संघ गए। वहां लेनिनग्राद में एक प्रोफ़ेसर ने उनके सन्मुख एक नए प्रयोग का प्रदर्शन किया। वह प्रोफ़ेसर अंग्रेजी नहीं जानता था, मगर जर्मन भाषा अच्छी तरह जानता था। प्रयोग को देखने के बाद रामन जर्मन में बोले : ''डास इस्ट सेहर शोन; आबेर इस्ट एस निरूट रोज्देस्तवेंस्की– एक्सपेरिमेंट?'' (यह अत्युत्तम है, मगर क्या यह रोज्देस्तवेंस्की प्रयोग नहीं है?)

रोज्देस्तवेंस्की

उस प्रोफ़ेसर का उत्तर थाः ''या, इश बिन रोज्देस्तवेंस्की'' (हां, मैं रोज़ेस्तवंस्की हूं।)

रामन का जर्मन वैज्ञानिकों के प्रति गहरा अनुराग था, तो जर्मन वैज्ञानिकों से भी उन्हें अपार स्नेह और सम्मान मिला। घटना 1928 की है। उस साल 28 फरवरी को **''रामन प्रभाव''** की खोज होने से कुछ दिन पहले की बात है। रामन को सूचना मिली कि प्रख्यात जर्मन भौतिक विद् आर्नोल्ड सोम्मेरफेल्ड (1868–1951) भारत से होते हुए पूर्व के रास्ते अमेरिका जा रहे हैं। रामन ने 11 फरवरी, 1928 को (''रामन–प्रभाव'' की खोज के केवल 17 दिन पहले) सोम्मेरफ़ेल्ड् को एक तार भेजकर कलकत्ता विश्वविद्यालय में भाषण देने के लिए आमंत्रित किया।

सोम्मेरफ़ेल्ड् बेंगलूर पहुंचकर बीमार पड़ गये, इसलिए अक्तूबर के आरम्भ में ही कलकत्ता पहुंच पाए। सोम्मेरफेल्ड पहले विदेशी वैज्ञानिक थे जिनके सामने रामन ने अपनी महान खोज का प्रदर्शन किया। उस समय यूरोप में कुछ ऐसे भी वैज्ञानिक थे जो ''रामन प्रभाव'' के परिणामों में विश्वास नहीं कर पा रहे थे। मगर सोम्मेरफ़ेल्ड रामन प्रभाव के प्रयोग को प्रत्यक्ष देख कर बड़े प्रभावित हुए। उन्होंने न केवल रामन की इस खोज की स्तुति की, बल्कि नोबेल पुरस्कार के लिए रामन के नाम का प्रस्ताव भी भेज दिया। बाद में और भी कुछ वैज्ञानिकों ने नोबेल पुरस्कार के लिए रामन का नाम प्रस्तावित किया।

उसी दौरान जर्मनी के दो और वैज्ञानिकों ने कलकत्ता की इंडियन एसोसिएशन की रामन की प्रयोगशाला को भेंट दी – 1928 में फोन कारमान ने और 1929 में हाइज़ेनवर्ग ने। वस्तुतः आरम्भ में **''रामन प्रभाव''** की खोज को सबसे ज्यादा सम्मान जर्मन वैज्ञानिकों से ही मिला। आइंस्टाइन ने 1953 में लिखा थाः ''रामन पहले वैज्ञानिक हैं जिन्होंने स्पष्ट पहचाना, और प्रमाणित किया कि द्रव्य के भीतर प्रकाश के फोटान कण की ऊर्जा में आंशिक परिवर्तन हो सकता है। मुझे आज भी स्मरण है कि इस खोज ने हम सब को बड़ा प्रभावित किया था।''

रामन के जर्मन संबंधों के संदर्भ में यह भी एक उल्लेखनीय घटना है कि उनकी महान खोज को ''रामन प्रभाव'' का नाम सर्वप्रथम एक जर्मन वैज्ञानिक ने दिया था। बर्लिन विश्वविद्यालय के प्रो. पीटर प्रिंगशइम ने अगस्त 1928 में (खोज के केवल पांच महीने बाद) जर्मन पत्रिका नातूरविस्सेनशाफ्टेन में रामन की खोज के बारे में एक विस्तृत निबंध प्रकाशित किया। उसमें उन्होंने लिखा कि ''रामन की खोज एक नितांत नई घटना है, इसलिए यह उचित है कि इसे **''रामन प्रभाव''** (डेर रामन इफेक्ट) का और इस से संबंधित नई रेखाओं के स्पेक्ट्रम को ''रामन स्पेक्ट्रम'' का नाम दिया जाए.........। निस्संदेह, रामन की इस खोज ने स्पेक्ट्रोस्कोपी के एक नितांत नए और विस्तृत क्षेत्र का उद्घाटन किया है।

प्रो. प्रिंगशइम के लेख के प्रकाशित होने के बाद ही वैज्ञानिक जगत में ''रामन प्रभाव'' का व्यापक रूप से स्वागत हुआ और इस खोज की विस्तृत चर्चा हुई।

जर्मन वैज्ञानिकों की भर्ती :

वे भारत पर अंग्रेजों के शासन के दिन थे। वैज्ञानिक जगत पर भी राजनीतिक परिस्थितियों का प्रभाव पड़ता ही है। उन दिनों की परिस्थितियों में भारतीय और जर्मन वैज्ञानिकों का एक–दूसरे के प्रति अधिक लगाव होना एक स्वाभाविक बात थी।

रामन 1933 में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस के निदेशक नियुक्त होकर कलकत्ता छोड़कर बेंगलूर आए। उसी दौरान जर्मनी में हिटलर का शासन शुरू हुआ। नाज़ियों के अत्याचारों से बचने के लिए अनेक जर्मन वैज्ञानिक देश छोड़कर विदेशों में शरण लेने लगे। तब रामन ने सोचा कि उन में से कुछ श्रेष्ठ वैज्ञानिकों को बेंगलूर में बुलाना चाहिए। उस योजना के बारे में रामन ने अपने विचार व्यक्त किए हैं:

''वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए भारतीय तरूणों का विदेश जाना मुझे पसंद नहीं था। क्योंकि, यदि उन्हें ऐसे विदेशी वातावरण में प्रशिक्षण मिलता है जो भारत में उपलब्ध नहीं है, तो फिर उनका प्रशिक्षण देश के लिए निरूपयोगी बन सकता है। परंतु अपना वतन छोड़ रहे वैज्ञानिक दूसरे देश में शरण मांग रहे हों, तो उन्हें स्थान व सुविधाएं प्रदान करके देश में एक बड़ा वैज्ञानिक आंदोलन खड़ा किया जा सकता है।''

इसी विचार से स्वदेश छोड़ रहे कुछ श्रेष्ठ वैज्ञानिकों को भारत में बुलाने की रामन ने एक योजना बनाई थी। सबसे पहले उन्होंने तरंग–यांत्रिकी के बुनियादी समीकरणों के आविष्कारक एरविन श्रोडिंगर (1887–1961) को पत्र लिखा। मगर रामन का पत्र मिलने के पहले ही वे डब्लिन विश्वविद्यालय का निमंत्रण स्वीकार कर चुके थे। उन्होंने भारत न आ सकने के लिए अफसोस जाहिर किया।

फ्राइबर्ग विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक ग्यॉर्ग फोन हेवेसी ने रामन का निमंत्रण स्वीकार कर लिया। क्रिस्टल रसायन के विशेषज्ञ गोल्डश्मिड्ट ने भी रामन का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया था। मगर आगे जाकर बेंगलूर में जो परिस्थितियां बनीं उनके कारण ये दोनों ही वैज्ञानिक भारत नहीं आ पाए।

			
हाइजेनबर्ग	**नील बोर**	**श्रोडिंगर**	**आइन्सटाइन**

वैज्ञानिक सहयोग एवं मतभेद :

मैक्स बोर्न (1882–1970), रामन का आमंत्रण स्वीकार कर अपनी पत्नी के साथ 1935 के अंतिम दिनों में बेंगलूर पहुंच भी गए। आरंभ में बोर्न को बेंगलूर के संस्थान में छः महीने तक व्याख्यान देने के लिए बुलाया गया था। बोर्न और उनकी पत्नी का भारत में मन भी रम गया था। तब रामन ने बोर्न से अनुरोध किया कि वे संस्थान में स्थायी पद स्वीकार कर लें। बोर्न मान गए। इस नियुक्ति का अनुमोदन करने के लिए कौंसिल की बैठक बुलाई गई। बैठक में रामन ने एक श्रेष्ठ वैज्ञानिक, शिक्षक और व्यक्ति के रूप में मैक्स बोर्न का परिचय दिया। तभी एक अनहोनी घटना घटी।

बैठक में उपस्थित एक अंग्रेज इंजीनियर ने, जिनका विज्ञान के क्षेत्र में कोई उल्लेखनीय योगदान नहीं था और केवल शासक–वर्ग का सदस्य होने के कारण संस्थान में हैसियत का पद पाया था, मैक्स बोर्न की निंदा की। उसने बोर्न को स्वदेश से भागा हुआ एक घटिया वैज्ञानिक बताया और कहा कि वे बंगलूर के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस में पद पाने की योग्यता नहीं रखते।

जैसा कि स्वाभाविक था, मैक्स बोर्न इस अपमान को सहन नहीं कर पाए। वे भारत से वापस चले गए। मैक्स बोर्न के साथ किए गए बदसलूकी की जानकारी मिलने पर हेवेसी और गोल्डश्मिड्ट ने भी भारत आने का अपना इरादा बदल दिया। इस प्रकार रामन की योजना असफल हो गयी।

उपसंहार :

रामन की वह योजना देश के लिए बड़ी हितकर थी। उन्होंने योग्य वैज्ञानिकों को आमंत्रित किया था। यह इसी से स्पष्ट है कि बाद में हेवेसी और बोर्न ने नोबेल पुरस्कार प्राप्त किए।

रामन के प्रयासों से जो बात भारत में हो सकती थी वह अमेरिका में हुई। अमेरिका ने यूरोप के अनेक निर्वाचित वैज्ञानिकों को शरण दी, सुविधाएं प्रदान कीं। फलतः वहां विज्ञान के विकास का एक नया युग शुरू हुआ।

यदि रामन की योजनाओं और मान्यताओं को अंग्रेज तथा भारतीय प्रशासकों का भरपूर सहयोग मिला होता, तो आज हमें अमेरिका जैसे देशों में अपनी प्रतिभाओं के पलायन के दुखद दिन नहीं देखने पड़ते।

संदर्भ ग्रंथ सूची (Bibliography/References)

1. Musical Insturments and their tones, Chapter 8 of Volume 8 (Akustik) of the prestigious ‘Handbuch der Physik’ 1927
2. On the sensation of tone as a physiclogical basis for the theory of music (Original work published in 1863)’, translated by A.J. Ellis, Dover Publication 1875.
3. The philosophy of pure Sciences by Clifford W.K. edited by Leslie Stephen and Frederick Pollock London Macmillan & Co. 1879.
4. ‘On the facts which lie at the Foundation of Geometry’ translate by W.K. Chifford . Nature 3 (1870) 14-17.
5. ‘Musical Drums with harmonic overtones’ Nature 104, 500 (1920)
6. ‘The Indian Mucial Drums’ Proc mdran Acad of Sciences A1 179-188 (1934).
7. An attempt at a new theory of Music, exposed in all clearness according to the most well founded principles of harmony’ (1739) published by St. Petersburg Academy of Sciences

मार्च 2026 अंक

ई-विज्ञानम
e-Vigyanam

एक अंतर्विषयक मासिक विज्ञान पत्रिका

मुक्तज्ञानम पब्लिकेशन
एम्० आई० जी० -२७, गौतम विहार कॉलोनी, तारामंडल, गोरखपुर
उत्तर प्रदेश, भारत-२७३०१७
वेबसाइट: https://muktagyanam.com

द्वारा संचालित: श्रीमती जाह्नवी सिंह
ई-मेल: admin@muktagyanam.com